●वर्ष : 16 ●अंक : 250 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

गुरुवार 02 जनवरी 2025

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen .
( 9315755133 / ya email Karen)
angenpharmaceuticals@gmail.com

## 'नये साल में सरकार का पहला फैसला किसानों को समर्पित'

### मंत्रिमंडल फैसलों पर पीएम मोदी

नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** नए साल के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने किसानों को लेकर अहम फैसले लिए हैं। कैबिनेट ने डीएपी खाद पर सब्सिडी और फसल बीमा योजना को लेकर किसानों को सौगात दी है। इन मामलों पर अब पीएम मोदी की ओर से प्रतिक्रिया आई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को 'फसल बीमा योजना' के लिए आवंटन बढ़ाने सहित केंद्रीय मंत्रिमंडल के कुछ अन्य फैसलों का उल्लेख करते हुए कहा कि नये साल में सरकार का पहला फैसला किसानों को समर्पित है।



पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक के बाद एक पोस्ट में यह भी कहा कि उनके नेतृत्व वाली केंद्र सरकार किसानों के कल्याण को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस फैसले का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, नए वर्ष का पहला निर्णय हमारे देश के करोड़ों किसान भाई-बहनों को समर्पित है। हमने फसल बीमा के लिए आवंटन बढ़ाने को मंजूरी दी है। इससे जहां अन्नदाताओं की फसलों को और ज्यादा सुरक्षा मिलेगी, वहीं नुकसान की चिंता भी कम होगी। उन्होंने कहा, हमारी सरकार किसानों के कल्याण को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हमें अपने सभी किसान बहनों और भाइयों पर गर्व है जो हमारे राष्ट्र का पेट भरने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। 2025 का पहला, मंत्रिमंडल का फैसला हमारे किसानों की समृद्धि बढ़ाने के लिए समर्पित है। मुझे खुशी है कि इस संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।

**>> 1,350 रुपये में मिलेगी डीएपी**

प्रधानमंत्री ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा किसानों को सस्ती दर पर डीएपी उर्वरक की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एकमुश्त विशेष पैकेज को 3,850 करोड़ रुपये तक बढ़ाने के फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि इससे किसानों को सस्ती कीमतों पर डीएपी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। मंत्रिमंडल के इस फैसले से किसानों को डाय-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) की 50 किलो वजन की एक बोरी 1,350 रुपये में मिल सकेगी।

**>> प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना 2026 तक बढ़ाई गई**

बता दें कि, प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने वर्ष 2021-22 से लेकर वर्ष 2025-26 तक कुल 69,515.71 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को 2025-26 तक जारी रखने की मंजूरी दे दी। इस निर्णय से 2025-26 तक देश भर के किसानों को नहीं रोके जा सकने योग्य प्राकृतिक आपदाओं से फसलों के जोखिम कवरेज में मदद मिलेगी।

## 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' अभियान शुरू करेगी कांग्रेस

नूना न्यूज एजेंसी।

कांग्रेस 3 जनवरी को सभी ब्लॉकों, जिलों और राज्यों में अपना 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान' शुरू करेगी। यह अभियान 26 जनवरी को महू में एक सार्वजनिक रैली में समाप्त होगा। यह अभियान 27 दिसंबर को शुरू किया जाना था। लेकिन 26 दिसंबर को पूर्व प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह के निधन और उनके सम्मान में सात दिवसीय शोक की घोषणा के मद्देनजर निलंबित कर दिया गया था। अभियान आयोजित करने का निर्णय 26 दिसंबर को बेलगावी में कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की आखिरी बैठक में लिया गया था। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि 26 दिसंबर के सीडब्ल्यूसी प्रस्ताव के कार्यान्वयन को सिंह के प्रति गहरे सम्मान और श्रद्धा के प्रतीक के रूप में एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि इस बात का आदी होने में अभी और समय लगेगा कि वह अब हमारे साथ नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा कि फिर भी जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान 3 जनवरी, 2025 को ब्लॉकों, जिलों और राज्यों में फिर से शुरू होगा, जिससे 26 जनवरी, 2025 को डॉ. अंबेडकर की 'जन्मभूमि' महू में रैली होगी, जो कि 75वीं वर्षगांठ भी है। भारत का संविधान लागू होना और भारत गणराज्य का निर्माण होना। सीडब्ल्यूसी ने अपने प्रस्ताव में कहा था कि कांग्रेस संविधान और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के आदर्शों की रक्षा के लिए "पूरी तरह से प्रतिबद्ध" है। तदनुसार, सीडब्ल्यूसी के प्रस्ताव में कहा गया है, कांग्रेस जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान शुरू करेगी, जो 27 दिसंबर को बेलगावी में एक रैली से शुरू होगी और 26 जनवरी को महू में एक रैली में समाप्त होगी। इसमें कहा गया है कि इस महीने के दौरान हर ब्लॉक, जिले और राज्य में भी रैलियां और मार्च आयोजित किए जाएंगे।

## समाचार

### मौसम विज्ञान विभाग का का दावा, 1901 के बाद से 2024 भारत में रहा सबसे गर्म साल

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, 1901 में रिकॉर्ड रखने की शुरूआत के बाद से वर्ष 2024 को आधिकारिक तौर पर भारत में सबसे गर्म वर्ष घोषित किया गया है। देश में औसत न्यूनतम तापमान का अनुभव हुआ जो लंबी अवधि के औसत से 0.90 डिग्री सेल्सियस अधिक था, जो जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव को रेखांकित करता है। एक वर्चुअल प्रेस ब्रीफिंग में, आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने खुलासा किया कि 2024 में वार्षिक औसत भूमि सतह हवा का तापमान दीर्घकालिक औसत (1991-2020 अवधि) से 0.65 डिग्री सेल्सियस अधिक था। इसने 2016 में बनाए गए पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया जब औसत तापमान सामान्य से 0.54 डिग्री सेल्सियस अधिक था।

यूरोपीय जलवायु एजेंसी कॉपरनिकस के अनुसार, 2024 विश्व स्तर पर सबसे गर्म वर्ष होने की उम्मीद है, जिसमें औसत तापमान पहली बार पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस की महत्वपूर्ण सीमा को पार कर जाएगा। वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन और क्लाइमेट सेंट्रल की एक संयुक्त समीक्षा में इस बात पर प्रकाश डाला गया कि 2024 में पिछले वर्षों की तुलना में दुनिया भर में औसतन 41 अतिरिक्त दिनों की खतरनाक गर्मी देखी गई।

## ज्वलंत मुद्दा

## सम्पादकीय



### नई लकीर खींचने की कोशिश में जुटे मोहन यादव

विधानसभा चुनाव में अभूतपूर्व जीत के बाद मध्य प्रदेश में बीजेपी ने तकरीबन अपरिचित चेहरे को राज्य की कमान सौंपने का फैसला लिया, तो राजनीतिक हलकों में हैरत जताई गई थी। उन्हीं मोहन यादव ने बतौर मुख्यमंत्री सालभर की यात्रा पूरी कर ली है। मंत्री के तौर पर मोहन यादव मध्य प्रदेश शासन का हिस्से रहे, लेकिन मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्हें समझ आया कि एक या दो विभाग संभालना अलग बात है और पूरे राज्य की कमान के साथ राजनीतिक संतुलन बनाए रखना कठिन चुनौती है। लेकिन मोहन यादव ने इस चुनौती को ना सिर्फ संभाल लिया है, बल्कि नवाचार के साथ शासन और प्रशासन को बखूबी संभाल रहे हैं। शासन की पहली वर्षगांठ के अवसर पर विशेष भेंट में मोहन यादव ने अपनी चुनौतियों के साथ ही अपने सपनों को जिस सहज अंदाज में साझा किया, वह उनकी राजनीति और चरित्र को समझने का सूत्र है। बड़ा राजनीतिक दल हो या संभ्रांत परिवार, हर नए नेतृत्व के सामने अक्सर अतीत और पूर्वज से तुलना का सवाल उठ खड़ा होता है। अगर अतीत का नेतृत्व विराट रहा हो तो नए नेतृत्व के हर कदम को पुराने की कसौटी पर कसा जाना स्वाभाविक है। मोहन यादव को बखूबी पता है। वे खुद भी स्वीकार करते हैं कि उनके मुख्यमंत्री बनने से पहले करीब साढ़े अठारह साल तक राज्य में बीजेपी की सत्ता रही। उसकी कमान जिन हाथों में रही, वे प्रभावशाली रहे। मोहन यादव स्वीकार करते हैं कि उनके नेताओं ने जो वायदे किए, जिस जैसा शासन चलाया, उन्हें पूरा करना और उस परिपाटी को बरकरार रखना उनका पाथेय है। मोहन यादव को पता है कि उन्हें अपनी भी एक नई लकीर खींचनी होगी। वे खुलकर इसे स्वीकार नहीं करते, बल्कि खुद को विनम्र कार्यकर्ता बताते हैं। मध्य प्रदेश को लेकर उनके भी अपने कुछ सपने हैं। सपना यह कि समृद्ध और वैविध्यपूर्ण प्राकृतिक संपदा वाला उनका राज्य समृद्ध बने, आर्थिक रूप से समृद्ध हो, कृषि विकास की मौजूदा दर बनी रहे और किसान लगातार समृद्ध होते रहें। सांस्कृतिक रूप से संपन्न राज्य की भारत ही नहीं, वैश्विक मानचित्र पर गहन पहचान भी बने। इन सपनों को हकीकत बनाने के लिए वे अहर्निश जुटे हैं। उनका कहना है कि सोते-जागते हर वक्त उन्हें एक ही चिंता रहती है।

**SYED ZAKI HAIDER**

( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## सार समाचार

### नेपाल से भारत में 2 रुपए में फोन पर बात

**काठमांडू।** नेपाल टेलीकॉम ने अपने ग्राहकों को नए साल का उपहार देते हुए भारत में किसी भी नेटवर्क पर कॉल के लिए अब तक का सबसे सस्ते दर की घोषणा की है। यह दर 31 दिसंबर की मध्य रात 12:00 बजे से लागू होगा। नेपाल की सरकारी टेलकॉम कंपनी ने बयान जारी करते हुए कहा है कि एनटीसी नेटवर्क का उपयोग करके भारत के किसी भी नेटवर्क में कॉल करने के लिए भारतीय 2 रुपए (नेपाली मुद्रा में 3.20 रुपए) किए जाने की नई दर की घोषणा की है।

### आईआरसीटीसी की वेबसाइट फिर ठप

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) की वेबसाइट और मोबाइल एप मंगलवार को एक बार फिर डाउन हो गई। इस माह यह तीसरी बार है, जब टिकट बुकिंग करने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ा। आईआरसीटीसी की वेबसाइट के माध्यम से टिकट बुक करने में समस्या आने पर कई यात्रियों ने सोशल मीडिया पर इसकी शिकायत दर्ज की। उन्होंने लिखा कि वह टिकट बुक नहीं कर पा रहे हैं।

### 6.6 करोड़ की नकली दवाएं जब्त

**कोलकाता।** केंद्रीय औषध मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) और पश्चिम बंगाल औषध नियंत्रण निदेशालय की संयुक्त जांच में कोलकाता में एक थोक विक्रेता के ठिकाने से 6.6 करोड़ रुपये की नकली दवाइयां जब्त की हैं। जांच के दौरान थोक विक्रेता फर्म 'केयर एंड क्योर फॉर यू' की मालिक एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई सीडीएससीओ के पूर्वी क्षेत्र के औषध निरीक्षक द्वारा की गई।

### स्वयंसेवकों व अधिकारियों से चर्चा कर उनका मार्गदर्शन किया

## सामाजिक समरसता राष्ट्रीय चरित्र का मूलभूत तत्व: डॉ. मोहन भागवत

रायपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत ने सामाजिक समरसता को राष्ट्रीय चरित्र का मूलभूत तत्व बताया है। उन्होंने सामाजिक समरसता गतिविधि से जुड़े कार्यों पर स्वयंसेवकों व अधिकारियों से चर्चा कर उनका मार्गदर्शन किया । इस अवसर पर डॉ मोहन भागवत ने कहा कि भारत में प्रत्येक गांव, तहसील व जिले में सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने वाली सज्जन शक्ति रहती है. उन्होंने हमेशा जाति, पंथ से ऊपर राष्ट्रीय हितों को रखा. यही वजह है कि 140 करोड़ भारतीय किसी भी धर्म, जाति, पंथ से क्यों न आते हों वह अपने राष्ट्रीय चरित्र को नहीं भूलते.देश में भाषा, वेशभूषा, पूजा पद्धति, उपासना के अलग-अलग आचरण करने वाले पंथ, जाति को भारतीयता की डोर एक सूत्र में पिरोये रखती है. आज राष्ट्रीय चरित्र की स्थापना के लिए सामाजिक समरसता की जड़ों को मजबूत करना होगा. उन्होंने कहा, मंदिर, जलाशय, शमशान आदि पर सभी जाति, पंथ, वर्गों का समान अधिकार है. यह कोई आज से है, ऐसा नहीं है. यह भारत का शाश्वत आचरण है.डॉ मोहन भागवत ने कहा, हमारी ज्ञान परंपरा कहती है, हिन्दवः सोदराः सर्वे, न हिन्दू पतितो भवेत. मम दीक्षा धर्म रक्षा, मम मंत्र समानता. अर्थात हम सभी हिन्दू भाई-भाई हैं, कोई हिन्दू पतित नहीं हो सकता.भारतीय जीवन मूल्यों में सामाजिक समरसता के दर्शन होते हैं, आज आवश्यकता इस बात की है कि हम ऐसे ऋषि मुनियों, संत व हुतात्माओं के चिंतन व दर्शन को आत्मसात करें. उन्होंने कहा, समाज में नकारात्मक शक्तियां प्रत्येक कालखंड में हुई हैं किंतु समाज ने अपनी एकता, अखण्डता से हमेशा समाज के अनुकूल व्यवस्था का निर्माण किया।



## नर्सिंग घोटाले के जांच अधिकारी राहुल राज से वापस

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के इंस्पेक्टर राहुल राज के खिलाफ रिश्वतखोरी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए उन्हें जांच में उत्कृष्टता के लिए दिया गया पदक रद्द कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक आदेश में कहा है कि जांच में उत्कृष्टता के लिए केंद्रीय गृहमंत्री का पदक साल 2023 में सीबीआई इंस्पेक्टर राहुल राज को दिया गया था। रिश्वत मामले में उनकी गिरफ्तारी के बाद उस पदक को रद्द कर दिया गया है। राज पर आरोप लगने के बाद प्रतिष्ठित पदक को जब्त करने का निर्णय लिया गया है। उल्लेखनीय है कि राहुल राज को मध्यप्रदेश में नर्सिंग कॉलेजों के लिए निरीक्षण रिपोर्ट में हेरफेर करने के बदले रिश्वत लेने का आरोप है।

### राज्य सरकार के रिफॉर्म की केंद्र ने की सराहना

## तकनीक आधारित सुधार व सुशासन ही आर्थिक विकास का मूलमंत्र : साय

रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि तकनीक आधारित सुधार और सुशासन ही छत्तीसगढ़ के आर्थिक विकास का मूलमंत्र है। यह उपलब्धि न केवल प्रशासनिक दक्षता का प्रमाण है, बल्कि जनता के प्रति हमारी सरकार के सुशासन के संकल्प का प्रमाण है। छत्तीसगढ़ सरकार का यह प्रयास न केवल राज्य को तकनीकी रूप से सशक्त बनाएगा, बल्कि अन्य राज्यों के लिए भी एक प्रेरणा बनेगा। छत्तीसगढ़ सरकार प्रशासनिक कार्यों में तेजी लाने आईटी के प्रयोग को बढ़ावा दे रही है, इसी के तहत केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के लिए राशि जारी करने, वितरित करने एवं निधियों की ट्रैकिंग करने तथा बेहतर नकद प्रबंधन के लिए राज्य शासन द्वारा एसएनए स्पर्श के अंतर्गत



जेआईटी (जस्ट इन टाइम) मॉडल को अपनाया गया है। इसके माध्यम से केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के लिए नवीन सिस्टम के माध्यम से कार्य किया जा रहा है जिसका उद्देश्य केंद्र और राज्य की समेकित निधि से राशि को उचित समय पर प्राप्त कर कुशल भुगतान प्रसंस्करण पर ध्यान केन्द्रित करते हुए निधि के उपयोग को अनुकूलित करना एवं व्यय की वास्तविक समय रिपोर्टिंग की सुविधा प्रदान करना है। इसमें केन्द्र प्रवर्तित योजना के राज्य की हिस्से की राशि एफएमआईएस (वित्तीय प्रबंधन एवं सूचना प्रणाली) तथा केन्द्र के हिस्से की राशि आरबीआई के ई-कुबेर नेटवर्क के माध्यम से जारी की जाती है, जिससे रियल टाईम फण्ड यूटिलाईजेशन किया जा रहा है। केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के लिए कुशल निधि प्रवाह प्रणाली के साथ भुगतान सह लेखा नेटवर्क की स्थापना कर सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली की सुविधा प्रदान करने के लिए जस्ट इन टाइम के माध्यम से सही समय पर राशि हस्तांतरण की प्रक्रिया अपनाई गई है।

**योजना**

### जनवरी में 100वें प्रक्षेपण की तैयारी: सोमनाथ



**श्रीहरिकोटा।** स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पेडेक्स) की सोमवार रात सफल लॉन्चिंग के बाद इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा कि जनवरी में एनवीएस-02 उपग्रह को जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (जीएसएलवी) पर लॉन्च करने की तैयारी चल रही है। स्पेडेक्स की लॉन्चिंग को मील का पत्थर बताते हुए उन्होंने कहा कि अगले साल 100वें प्रक्षेपण की तैयारी चल रही है। जनवरी में एनवीएस-02 उपग्रह को जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (जीएसएलवी) पर लॉन्च किया जाएगा। यह मिशन अगले साल के लिए निर्धारित मिशनों में से एक है।

**पलटवार**

### प्रणब मुखर्जी की बेटी ने कांग्रेस पर साधा निशाना



**नई दिल्ली।** राहुल गांधी के नया साल मनाने वियतनाम जाने की सूचनाओं के बीच पूर्व पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने उन पर दो दिन में दूसरा करारा वार किया है। कांग्रेस ने उनके पिता प्रणब दा को संघी तक बता दिया था। इस पर शर्मिष्ठा फिर सामने और राहुल गांधी के 'भक्त-चेलों' की आलोचना की। उन्होंने एक्स पर लिखा कि राहुल के भक्त-चेले जो मेरे पिता को 'संघी' कहते हैं, मैं उन्हें चुनौती देती हूं कि वे अपने नेता से पूछें कि उन्होंने संसद में नरेन्द्र मोदी को क्यों गले लगाया, जिन्हें उनकी मां ने 'मौत का सौदागर' कहा था। उनके जटिल तर्क के अनुसार, राहुल को उनका साथी माना जाना चाहिए।

**आदेश**

### पंजाब सरकार को 2 जनवरी तक का वक्त



**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने आमरण अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को अस्पताल में शिफ्ट करने के आदेश पर अमल के लिए पंजाब सरकार को 2 जनवरी तक का समय दे दिया है। कोर्ट ने 02 जनवरी को पंजाब के डीजीपी और मुख्य सचिव को सुनवाई के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में उपस्थित रहने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान पंजाब सरकार की ओर से सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर अमल के लिए थोड़ा और समय देने की गुजारिश की गई थी। सुनवाई के दौरान पंजाब सरकार की ओर से पेश वकील ने कहा कि वार्ताकार धरने वाली जगह पर गए थे।

### उप मुख्यमंत्री ने नगरीय प्रशासन विभाग के कार्यों की समीक्षा की

## शहरों को साफ, सुंदर और सुविधापूर्ण बनाएं: अरुण साव

रायपुर

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने मंगलवार वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में सभी नगरीय निकायों को अनुकम्पा नियुक्ति की प्रक्रियाएं 10 जनवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा अनुकंपा नियुक्ति के लिए प्रदेशभर के नगरीय निकायों में 353 नए पद मंजूर किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बैठक में नगर निगमों के आयुक्तों तथा




नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को रोजाना वार्डों का भ्रमण कर निर्माण कार्यों, साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था की मॉनिटरिंग करने को कहा। उन्होंने नगरीय निकायों में बन रहे अटल परिसरों और नालंदा परिसरों के काम में तेजी लाने और इनके उत्कृष्ट निर्माण के निर्देश दिए। श्री साव ने अधिकारियों को गंभीरता और सक्रियता से काम करते हुए राज्य के शहरों को साफ, सुंदर और सुविधापूर्ण बनाने को कहा।

उप मुख्यमंत्री साव ने समीक्षा बैठक में सभी नगरीय निकायों में अटल परिसर के निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए अच्छी गुणवत्ता की उत्कृष्ट मूर्ति स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अटल परिसर का इस तरह निर्माण करें कि शहर में इसकी विशेष पहचान और दर्शनीय स्थल बनें। उन्होंने प्रदेश के 12 शहरों में बनाए जा रहे नालंदा परिसर के लिए निविदा की प्रक्रिया पूरी कर शीघ्र काम प्रारंभ करने को कहा। श्री साव ने अधिकारियों से कहा कि नालंदा परिसर का शानदार और आइकॉनिक निर्माण होना चाहिए। नालंदा परिसर और अटल परिसर का निर्माण सरकार के महत्वाकांक्षी कार्य हैं। उन्होंने आयुक्तों और मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को खुद इनकी मॉनिटरिंग करने और प्रगति की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने बैठक में अधोसंरचना मद और 15वें वित्त आयोग के तहत स्वीकृत कार्यों के साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), अमृत मिशन 2.0, एसटीपी निर्माण और आकांक्षी शौचालयों के कार्यों में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्यों में सामग्री और निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सभी नगरीय निकायों के अधिकारियों को रोजाना प्रातः भ्रमण कर निर्माण कार्यों, साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने 01 जनवरी से ही इसकी शुरूआत कर शहरों में प्रकाश और सफाई की व्यवस्था दुरूस्त करने को कहा।

### 13 एडिशनल एसपी के तबादले

## श्वेता श्रीवास्तव रायपुर रेल एसपी बनी

रायपुर

राज्य सरकार ने सोमवार देर शाम 13 एडिशनल एसपी के तबादले किये हैं। श्वेता श्रीवास्तव को पुलिस अधीक्षक रेल बनाया गया है। वहीं पंकज चंद्राकर को एडिशनल एसपी पीएचक्यू से कोरबा बटालियन भेजा गया है। वहीं जयप्रकाश बढ़ई असिस्टेंट कमांडेंट दुर्ग, रमा पेटल असिस्टेंट कमांडेंट माना, हरीश यादव को एडिशनल एसपी सक्ती, जयंत वैष्णव को एडिशनल एसपी एसटीएफ बघेरा, विवेक शुक्ला को एएसपी अटल नगर बनाया गया है।वहीं राकेश कुमार कुर्रे को एएसपी पखांजूर, नीतीश कुमार ठाकुर को एएसपी कोरबा, प्रशांत शुक्ला को एएसपी ट्रैफिक रायपुर, पंकज पटेल को एएसपी कोरिया, नेहा वर्मा को जोनल पुलिस अधीक्षक बस्तर, और उदयन बेहार को एएसपी ट्रैफिक जांजगीर बनाया गया है।



# दिल्ली पकड़ेगी रफ्तार, इंटर स्टेट ट्रैफिक का शहर में प्रवेश घटेगा

## बाहर के आने वाले वाहनों की संख्या पर लगेगा अंकुश



**नई दिल्ली।** दिल्ली के सभी सातों भाजपा सांसदों ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भेंट करके उन्हें चार नए प्रोजेक्ट का मांग पत्र प्रस्ताव दिया है और उसके बाद सभी सांसदों आदि की उपस्थिती में केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने पत्रकार वार्ता को सम्बोधित किया और मांग पत्र प्रस्ताव की जानकारी दी। सांसदों ने कहा है कि राजधानी के जानलेवा प्रदूषण तथा बढ़ती भीड़भाड़ व जाम को कम करने में ये चार प्रोजेक्ट मील का पत्थर साबित होंगे। इससे दिल्लीवालों को आवागमन में बहुत लाभ मिलेगा और बाहर से आने वाले वाहनों पर अंकुश लग सकेगा। हर्ष मल्होत्रा ने बाद में सभी सांसदों के साथ एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। संवाददाता सम्मेलन में सांसद सर्वमनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधूड़ी, योगेंद्र चंदोलिया, प्रवीण खंडेलवाल, श्रीमती कमलजीत सहरावत और सुबांसुरी स्वराज के साथ नई दिल्ली नगर पालिका के उपाध्यक्ष कुलजीत चहल एवं दिल्ली भाजपा मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर भी मौजूद रहे। हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि प्रदूषण के कारण दिल्ली जहरीली हवा में सांस लेने के लिए मजबूर है और भीड़भाड़ के कारण लोगों का समय तो बर्बाद होता ही है, ईंधन की भी बबार्दी होती है। इसीलिए सातों सांसदों ने आपस में विचार करके चार बड़े प्रोजेक्ट का सुझाव नितिन गडकरी से मिलकर उन्हें दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन और गडकरी के नेतृत्व में देश में 10 वर्ष में 55 हजार किमी. नेशनल हाईवे का निर्माण हुआ है। दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे बनकर तैयार है और शीघ्र ही इसे वाहनों के लिए खोला जाएगा। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे जोकि 1250 किमी. लंबा है, वह भी तैयार किया जा रहा है जिससे 36 घंटे की बजाय 12 घंटे में ही मुंबई पहुंचना संभव हो जाएगा। इसके अतिरिक्त दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे पहले ही चालू हो चुका है जिसका उद्घाटन माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। इसी की तर्ज पर चार प्रोजेक्ट का सुझाव दिया गया है। इन प्रोजेक्ट्स के बारे में हर्ष मल्होत्रा ने बताया कि दिल्ली एयरपोर्ट से शिवमूर्ति पहुंचने के बाद शहर आने में एक-एक घंटा जाम में फंसे रहना पड़ता है। इसलिए शिवमूर्ति से नेल्सन मंडेला मार्ग तक टनल बनाने का सुझाव दिया गया है। इससे यह रास्ता सिर्फ 7-8 मिनट में तय हो जाएगा। दूसरा प्रोजेक्ट दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेस वे को कुंडली - मानसर - पलवल यानी केएमपी एक्सप्रेस वे से जोड़ने का है। इससे कटरा-अमृतसर की ओर से आने वाले लोगों को दिल्ली आने की बजाय सीधे एयरपोर्ट और गुड़गांव जाने का रास्ता मिल जाएगा। तीसरा प्रोजेक्ट दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे से दिल्ली आकर उत्तर प्रदेश और नोएडा की तरफ जाने वालों के लिए दिया गया है ताकि ये सारा ट्रेफिक दिल्ली में प्रवेश न करे। इस प्रस्ताव में यूईआर-2 को दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे से जोड़ना है।

# आम आदमी पार्टी का जहाज डूब रहा है, दिल्ली की जनता सहित इनके मंत्री, विधायक, पार्षद, नेता सबका अरविन्द केजरीवाल के प्रति मोह भंग हो चुका है : देवेन्द्र यादव



जानकारी देते दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव।

नई दिल्ली दिसंबर : दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने बादली विधानसभा से आम आदमी पार्टी के सहसचिव सरबजीत सिंह और 2.2. विधानसभा के स्टार प्रचारक फरीद शाह सहित मुस्तफाबाद विधानसभा से आम आदमी पार्टी के पूर्व निगम पार्षद परवीन और मौहम्मद मारुफ और 2.22 में निगम चुनाव के बीएसपी प्रत्याशी रजनी सूर्यवंशी को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराकर सैंकड़ों लोगों को पार्टी का पटका पहना कर कांग्रेस में शामिल किया।

देवेन्द्र यादव ने आम आदमी पार्टी के सैंकड़ों कार्यकताओं और पदाधिकारियों का कांग्रेस पार्टी में स्वागत किया और कहा कि आपके सहयोग और समर्थन से हमस ब मिलकर मजबूती के साथ दिल्ली में सकारात्मक बदलाव की दिशा में काम करेंगे। देवेन्द्र यादव ने कहा कि आम आदमी पार्टी का जहाज डूब रहा है और दिल्ली की जनता सहित इनके मंत्री, विधायक, पार्षद सहित क्षेत्रीय नेताओं का अरविन्द केजरीवाल के प्रति मोह भंग हो चुका है। आम आदमी पार्टी में भ्रष्टाचार और कुशासन के कारण भगदड़ मची हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन के नेतृत्व और राहुल गांधी जी देश के लिए संघर्ष से प्रेरित होकर पार्टी में शामिल होने वालों का पार्टी में स्वागत है, क्यांकि कांग्रेस एक खुला मंच है जिसमें हर व्यक्ति को बराबर का अधिकार और बोलने की अभिव्यक्ति है। कांग्रेस अपने संविधान के अंतर्गत काम करती है, न कि किसी व्यक्ति विशेष का आधिपत्य हमारी पार्टी में है।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के अलावा पूर्व सांसद डा. उदित राज, अ.भा.क. कमेटी के सचिव दानिश अबरार, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री डा. नरेन्द्र नाथ, पूर्व विधायक हरी शंकर गुप्ता, हसन अहमद, भीष्म शर्मा, और दर्शना रामकुमार, जिला अध्यक्ष जावेद मिर्जा, मुस्तफाबाद से कांग्रेस प्रत्याशी अली मेंहदी सहित ब्लाक अध्यक्ष और कांग्रेस पदाधिकारी भी मौजूद थे।

# पुरानी कलाकृतियों की ऐतिहासिक वापसी, अब तक 358 प्राचीन कलाकृतियां भारत वापस लाई जा चुकी हैं

■ भारत-अमेरिका सांस्कृतिक संपदा समझौता, प्राचीन वस्तुओं की तस्करी रोकने के लिए ऐतिहासिक समझौता हुआ

नई दिल्ली दिसंबर : संस्कृति मंत्रालय ने वर्ष 2024 के दौरान कई महत्वपूर्ण पहलों और उपलब्धियों को अंजाम दिया, जिनमें भारत की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना और संरक्षित करना शामिल है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने 21 से 31 जुलाई 2024 तक दिल्ली में विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र का सफल आयोजन किया। इस भव्य आयोजन का उद्घाटन प्रधानमंत्री ने किया, जिसमें 140 से अधिक देशों के लगभग 2,900 अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इन प्रतिनिधियों में संस्कृति मंत्री, राजदूत, यूनेस्को के अधिकारी, तकनीकी विशेषज्ञ और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी शामिल थे। सत्र के दौरान युवा पेशेवर मंच, साइट मैनेजर्स फोरम, और एक भव्य प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया।

मंत्रालय ने सत्र के दौरान प्रोजेक्ट परी (भारत की सार्वजनिक कला) की शुरूआत की। इस पहल में 200 से अधिक कलाकारों और 300 छात्रों ने दिल्ली के प्रमुख स्थानों पर दीवार चित्रकारी, भित्ति चित्र और मूर्तियों का निर्माण किया, जिससे सार्वजनिक स्थलों को सांस्कृतिक पहचान मिली। असम की मोइदम्स-अहोम राजवंश की टीलेनुमा संरचना में दफनाने की व्यवस्था को जुलाई 2024 में सांस्कृतिक विरासत के रूप में विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया। यह स्थान अहोम राजवंश के शाही परिवार का कब्रिस्तान है। इसके साथ, अब भारत की कुल 43 धरोहरें विश्व धरोहर सूची में शामिल हो गई हैं, और 56 धरोहरें संभावित सूची में हैं।

भारत और अमेरिका ने 26 जुलाई को प्राचीन वस्तुओं की तस्करी रोकने के लिए सांस्कृतिक संपदा समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, सचिव गोविंद मोहन, और अमेरिकी राजदूत महामहिम एरिक गासेटी मौजूद थे। अब तक 358 पुरानी कलाकृतियां भारत वापस लाई जा चुकी हैं। इनमें से 13 कलाकृतियां 2013 तक लाई गई थीं, जबकि 2014 से अब तक 345 कलाकृतियां वापस लाई गई हैं। इसके अलावा, 297 और कलाकृतियां अमेरिका से भारत लौटाई जाने की प्रक्रिया में हैं। ये प्रयास भारत की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए विकसित भारत 2047 के निर्माण की दिशा में एक मजबूत कदम हैं।

## सैलानियों ने नाच-गाकर मनाया नए साल का जश्न

शिमला, दिसंबर : हिमाचल के पर्यटन स्थलों पर नए साल के स्वागत के लिए सैलानियों की हजूम उमड़ पड़ा। मंगलवार सुबह से ही पर्यटन शिमला व मनाली के अलावा कई अन्य पर्यटन स्थलों पर पहुंचने शुरू हो गए थे। न्यू ईयर पर प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अलावा कई बड़े निजी होटलों में पर्यटकों के लिए खास इंतजाम किए गए थे। पर्यटकों ने देर रात तक नाच गाकर नव वर्ष का जश्न मनाया। हिमाचल में नए साल के इस्तकबाल के लिए पर्यटन नगरी शिमला, मनाली, चायल, कसौली और डलहौजी सहित अन्य पर्यटन स्थलों के अधिकतर होटल पैक हो चुके हैं। नववर्ष की पूर्व संध्या पर प्रदेश के पर्यटन विकास निगम के और निजी होटलों में खास कार्यक्रम होंगे।

# महाकुंभ 2025 : रेलकर्मियों की जैकेट पर लगे स्कैनर से यात्री बना सकेंगे टिकट, रेल टिकटिंग में नई पहल

## डिजिटल इंडिया की ओर एक और कदम



नई दिल्ली दिसंबर : महाकुंभ 2025 को ध्यान में रखते हुए उत्तर मध्य रेलवे ने प्रयागराज आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष और अभिनव व्यवस्थाएं की हैं। टिकटिंग प्रक्रिया को आसान और डिजिटल बनाने के लिए उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल ने एक नई पहल शुरू की है, जिससे यात्री डिजिटल तकनीक का उपयोग कर टिकट बुक कर सकेंगे।

महाकुंभ के दौरान, रेलवे वाणिज्य विभाग के कर्मयोगी हरे रंग की विशेष जैकेट पहनकर प्रयागराज जंक्शन और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात रहेंगे। इन जैकेट्स के पीछे एक क्यूआर कोड होगा, जिसे श्रद्धालु अपने मोबाइल से स्कैन कर सकते हैं। यह क्यूआर कोड उन्हें सीधे यूटीएस मोबाइल ऐप डाउनलोड करने के लिंक पर ले जाएगा। यूटीएस ऐप के जरिए यात्री अनारक्षित टिकट आसानी से बुक कर सकते हैं, जिससे उन्हें स्टेशन पर लंबी लाइनों में खड़े होने की आवश्यकता नहीं होगी। इस प्रक्रिया के तहत डिजिटल भुगतान से टिकट बुकिंग न केवल तेज और सुविधाजनक होगी, बल्कि समय की बचत भी करेगी। रेलवे कर्मी महाकुंभ के दौरान स्टेशन और अन्य प्रमुख स्थानों पर तैनात रहकर यात्रियों को टिकटिंग प्रक्रिया से जुड़ी हर संभव सहायता प्रदान करेंगे। क्यूआर कोड स्कैन करने से यात्री केवल टिकट बुकिंग ही नहीं, बल्कि अन्य सुविधाओं का लाभ भी उठा सकेंगे। उत्तर मध्य रेलवे की यह पहल डिजिटल इंडिया के विजन को साकार करने और महाकुंभ 2025 में आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी मुक्त और यादगार अनुभव प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। यह प्रयास भीड़ प्रबंधन और यात्री सुविधा में बड़ा बदलाव लाएगा।

# संजय सिंह की पत्नी सुल्तानपुर यूपी और दिल्ली दोनों में वोट मामले की चुनाव आयोग जांच करे : देवेन्द्र यादव

नई दिल्ली दिसंबर : दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि राज्यसभा सांसद, आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह के खिलाफ चुनाव आयोग जांच करे कि कैसे उनकी पत्नी मती अनीता सिंह हल्फनामे के अनुसार वो उत्तर प्रदेश के सुल्तान पुर की वोटर अपने को सिद्ध करती है, जबकि संजय सिंह प्रेस वार्ता करके उनका नाम दिल्ली की मतदाता सूची से कटवाने का आरोप लगा रहे है। नई दिल्ली क्षेत्र में उन्होंने वोट डालकर बाहर निकलने के बाद का फोटो भी रिलीज किया है। रिप्रेजेंटेशन ऑफ पीपल एक्ट की धारा 31 के तहत यह दंडनीय अपराध है।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि तथाकथित इमानदार केजरीवाल के सिपाही कहने वाले संजय सिंह अपनी स्थिति स्पष्ट करें कि अगर उनकी पत्नी ने दिल्ली का वोटर होते हुए वोट किया है तो फिर मती अनीता सिंह ने शपथ पत्र में सुल्तानपुर, उत्तर प्रदेश का वोटर होने की बात क्यों लिखी? जो गैर कानूनी है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग और कानून लागू करने वाली एजेंसियों को दोषियों को दंडित करने के लिए सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी के नेता पूवार्चल और रोहिंग्या शरणार्थियों के वोट कटवाने की राजनीति करके दिल्ली वालों का ध्यान दिल्ली के रुके हुए विकास और मौजूदा परेशानियों से ध्यान भ्रमित करने की नौटंकी कर रही है। उन्होंने कहा कि जब एक चुनाव के आखिरी समय तक वोट बनता है तो क्यों संजय सिंह चर्चा का विषय बनकर लोगों का ध्यान अपनी पार्टी की ओर आकर्षित कर रहे हैं।

# नए साल का आगमन कड़ाके की ठंड के बीच, दिल्ली-एनसीआर में शीतलहर का प्रकोप

नई दिल्ली दिसंबर : नए साल का स्वागत कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के बीच होगा। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में शीतलहर का प्रकोप जारी है। उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान और झारखंड जैसे राज्यों में भी ठंड से हालात गंभीर बने हुए हैं। नए साल यानी 1 जनवरी को मौसम में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है। राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों में ठिठुरन भरा मौसम रहेगा। मौसम विभाग ने अनुमान लगाया है कि दिल्ली से सटे हरियाणा, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी सर्द हवाओं के साथ ठंड का सितम जारी रहेगा।

दिल्ली-एनसीआर में इस समय न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक होने के बावजूद ठंड का असर कम नहीं हुआ है। मंगलवार को न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.6 डिग्री अधिक है। सोमवार को यह 10.3 डिग्री सेल्सियस था। हालांकि, सर्द हवाओं और कोहरे की वजह से ठंड महसूस होने में कोई कमी नहीं आई। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में ठंड और भी बढ़ सकती है, खासकर नए साल के पहले सप्ताह में।

पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों में घने कोहरे के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है। कई इलाकों में सर्द हवाओं के साथ-साथ दृश्यता में भारी कमी देखी गई है। उत्तर प्रदेश और बिहार में भी लोग कड़ाके की ठंड से परेशान हैं। झारखंड और राजस्थान के कुछ हिस्सों में भी तापमान तेजी से गिरा है। दिल्ली-एनसीआर में शीतलहर का असर अगले कुछ दिनों तक जारी रहने की संभावना है। इसके चलते स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है, खासकर बुजुर्गों और बच्चों को ठंड से बचाने के लिए। घने कोहरे के चलते यातायात भी प्रभावित हो सकता है, जिससे ट्रेनों और विमानों की समय-सारणी पर असर पड़ने की संभावना है।

नए साल की शुरूआत कड़ाके की ठंड के बीच होगी, लेकिन लोगों को इस मौसम का सामना करने के लिए सतर्क और तैयार रहना होगा। गर्म कपड़े पहनने और घर से बाहर निकलते समय सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

## शिमला में नए साल के जश्न के लिए उमड़े सैलानी

शिमला दिसंबर : शिमला में नए साल के जश्न का खुमार सैलानियों पर सिर चढ़कर बोल रहा है। रिज मैदान और मॉल रोड सैलानियों से भर गए है। रोजाना हजारों पर्यटक वाहन शिमला की ओर रुख कर रहे हैं। इससे न केवल शहर के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर रौनक बढ़ी है बल्कि यातायात जाम की समस्या भी देखने को मिल रही है। शिमला के अलावा इससे सटे पर्यटन स्थल जैसे कुफ़री, फागू और नारकंडा में भी सैलानियों का तांता लगा है।

# केजरीवाल ने आरएसएस प्रमुख को लिखे पत्र पर बीजेपी बोली-

## आपकी औकात नहीं है आप सरसंघचालक जी से बात भी कर सके



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी नेता वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख को लिखे पत्र को लेकर आम आम पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी मोहन भागवत से बात करने की भी कोई हैसियत नहीं है। दिल्ली भाजपा प्रमुख ने कहा कि आपकी औकात नहीं है कि आप सरसंघचालक जी से बात भी कर सकें। उसका नाम लेना तो भूल ही जाइये। विषय पर बने रहिए और बताइए कि आपने किस तरह दिल्ली को लूटने का काम किया है। आपको दिल्ली के लोगों को लूटने के लिए उनसे माफी मांगनी चाहिए। केजरीवाल द्वारा भागवत को लिखे गए पत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने आप संयोजक पर कनाडा में आतंकवादियों से पैसे लेने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल का काम धोखा देना और मुद्दों से भटकाना है। उन्होंने कहा, "मैं केजरीवाल से बस इतना कहना चाहता हूं कि आपको मुद्दे से नहीं भटकना चाहिए। जब आप फोर्ड फाउंडेशन या कनाडा में आतंकवादियों से पैसा लेते हैं, तो क्या आप आरएसएस प्रमुख से पूछते हैं? जब आपने पंजाब और दिल्ली की माताओं-बहनों को महिला सम्मान योजना के नाम पर एक पैसा न देकर धोखा दिया था, तब क्या आपने किसी से पूछा था। सचदेवा ने कहा, आपका काम धोखा देना और मुद्दों से भटकाना है। उन्होंने आगे कहा कि केजरीवाल अवैध अप्रवासियों को दिल्ली में रहने की अनुमति देते हैं। सचदेवा ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री पर संविधान और लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाया। उन्होंने हमला जारी रखते हुए कहा कि आप बांग्लादेश से अवैध अप्रवासियों को दिल्ली में रहने की अनुमति देते हैं। आप अवैध रोहिंग्याओं को अनुमति देते हैं। क्या आप किसी से पूछते हैं? आप दिन-रात संविधान और लोकतंत्र की हत्या करते हैं, जिस तरह आप देश के टुकड़े करने की बात करते हैं। क्या आप आरएसएस प्रमुख से इस बारे में पूछते हैं। केजरीवाल पर निशाना साधते हुए बीजेपी नेता ने कहा कि उन्होंने पूर्व सीएम से उनके द्वारा सुझाए गए संकल्पों पर ध्यान केंद्रित करने को कहा है ताकि उनका जीवन बेहतर हो सके। उन्होंने कहा कि नए साल के पहले दिन, मैंने अरविंद केजरीवाल को एक पत्र लिखा क्योंकि लोग अपनी बुरी आदतों को छोड़ने का संकल्प लेते हैं। मैंने केजरीवाल से मेरे द्वारा सुझाए गए पांच प्रस्तावों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए भी कहा है। सचदेवा ने कहा, मैंने उनसे कहा कि अगर वह इन संकल्पों पर ध्यान केंद्रित करेंगे तो उनका जीवन बेहतर हो जाएगा। सचदेवा ने बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर उनसे "झूठ बोलने और धोखा देने की बुरी आदतें" छोड़ने को कहा।

# इमामों और मुआज्जिनों को 18 महीने से वेतन नही, केजरीवाल ने वोट की राजनीति के चलते पुजारी और ग्रंथियों को सम्मान राशि देने के लिए पंजीकरण किया : देवेन्द्र यादव

नई दिल्ली दिसंबर : देवेन्द्र यादव ने कहा कि विधानसभा चुनावों में वोट हासिल करने के लिए अरविन्द केजरीवाल हर दिन नई-नई योजनाओं की घोषणा कर रहे हैं परंतु सत्ता में आने के बाद शुरू की योजना हेतू फंड मुहैया कराने में सरकार के पास पर्याप्त साधन नही है। जब सरकार के पास पुरानी योजनाओं की राशि लोगों को देने के लिए नही है, तब केजरीवाल महिला सम्मान योजना, पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना आदि की घोषणा करके दिल्ली वालों को बेवकूफ क्यों बना रहे है, यह कांग्रेस नही दिल्ली की जनता जानना चाहती है।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि मैं अरविन्द केजरीवाल से पूछना चाहता हूं कि आप मंदिरों में पुजारियों और गुरुद्वारे में ग्रंथियों का सम्मान राशि देने के लिए पंजीकरण कर रहे है, लेकिन मस्जिदां के मौलवी और मुआज्जिनों को मिलने वाला वेतन पिछले 18 महीनों से नही मिल रहा है, उस पर अरविन्द केजरीवाल या मुख्यमंत्री आतिशी ने चुप्पी क्यों साध रखी है, जबकि इमामों का वेतन वक्फ बोर्ड देता है। कल दिल्ली की मस्जिदों के इमामों और मुअज्जिनों ने अपने वेतन की मांग को लेकर लिए केजरीवाल निवास पर विरोध प्रदर्शन भी किया था। देवेन्द्र यादव ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल प्रतिदिन नई चुनावी घोषणा तो कर रहे है लेकिन उनका क्या हुआ जो दिल्ली के लाखों बुजुर्ग अपनी पेंशन के लिए दर-दर भटक रहे है, गरीबों के राशन कार्ड नही बने, राशन नही मिल रहा है, पानी देने का वादा किया था, यमुना सफाई का वादा किया था उसका क्या हुआ? मेरा कहना यह है कि नई घोषणा करने से पहले पुरानी तो पूरी करो, लेकिन आम आदमी पार्टी ने पिछले 11 वर्षों में पुरानी कोई योजना पूरी नही की और केजरीवाल वोट की राजनीति के चलते नई की घोषणा कर रहे हैं।

# नमो भारत कॉरिडोर का विस्तार और बेहतर कनेक्टिविटी, हरित ऊर्जा और स्थिरता पर फोकस

नई दिल्ली दिसंबर : वर्ष 2024 नमो भारत कॉरिडोर के लिए ऐतिहासिक विकास और विस्तार का साक्षी रहा। दिल्ली-मेरठ कॉरिडोर के दिल्ली खंड में 13 किलोमीटर का नया विस्तार शुरू होने से यह 42 किलोमीटर से बढ़कर 55 किलोमीटर हो जाएगा। 20 अक्टूबर 2023 को प्रधानमंत्री द्वारा 17 किलोमीटर का प्राथमिक खंड (साहिबाबाद से दुहाई डिपो) राष्ट्र को समर्पित किया गया। इसके बाद 6 मार्च को मोदी नगर उत्तर तक और 18 अगस्त को मेरठ दक्षिण तक विस्तार हुआ, जिससे यात्रियों को और बेहतर कनेक्टिविटी मिली।

नमो भारत सेवा, अपनी गति, आराम और विश्वसनीयता के कारण यात्रियों की पसंदीदा बनी हुई है, अब तक 50 लाख यात्री इसका उपयोग कर चुके हैं। कॉरिडोर के शेष हिस्सों पर निर्माण तेजी से चल रहा है, और 2025 तक पूरे गलियारे को चालू करने का लक्ष्य है। यात्रियों के लिए 8,000 से अधिक वाहनों की पार्किंग, किराये के वाहन, और अंतिम मील कनेक्टिविटी के लिए साझेदारियां की गई हैं। डिजिटल अनुभव को बढ़ावा देने के लिए एनसीएमसी कार्ड और एयरटेल पेमेंट्स बैंक के साथ साझेदारी हुई। डीएमआरसी और आईआरसीटीसी के साथ समझौतों ने एकीकृत टिकटिंग को संभव बनाया।

नमो भारत ऐप ने लाइव ट्रेन ट्रैकिंग, रियल-टाइम पार्किंग, और अन्य सुविधाओं के साथ यात्रियों की यात्रा को आसान बनाया। स्थिरता की दिशा में, सौर ऊर्जा संयंत्रों से 4 मेगावाट उत्पादन हासिल कर, हरित ऊर्जा को बढ़ावा दिया गया। यह परियोजना क्षेत्र में परिवहन का आदर्श समाधान बनकर उभरी है।एनसीआरटीसी के प्रयासों को तब भी मान्यता मिली जब इसे प्लैटिनम रेटिंग वाले साहिबाबाद और गुलधर स्टेशनों के लिए प्रतिष्ठित आईजीबीसी नेट-जीरो एनर्जी (ऑपरेशन) रेटिंग से सम्मानित किया गया।

# महिलाओं को देखकर स्टॉप पर बस न रोकने वाले ड्राइवरों-कंडक्टरों पर होगी कड़ी कार्रवाई : सीएम आतिशी

नई दिल्ली दिसंबर : दिल्ली के अंदर महिलाओं को देखकर बसें न रोकने वाले डीटीसी और क्लस्टर बसों के ड्राइवर और कंडक्टर की अब खैर नहीं है। आप सरकार ने इन बसों के ड्राइवर और कंडक्टर को सस्पेंड करने का आदेश जारी किया है। दरअसल, दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों से दिल्ली सरकार और मुख्यमंत्री आतिशी को महिलाएं शिकायत कर रही हैं कि निर्धारित स्टॉप पर उनको देखकर डीटीसी और क्लस्टर बसों के ड्राइवर नहीं रुकते हैं। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सीएम आतिशी ने यह आदेश दिया है। साथी ही, सीएम आतिशी ने महिलाओं से अपील की है कि अगर कोई बस अपने निर्धारित स्टॉप पर नहीं रुकती है तो महिलाएं उसकी फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर डाल दें, उसके ड्राइवर और कंडक्टर के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।दिल्ली में ज्यादा से ज्यादा महिलाएं और बेटियां नौकरी व पढ़ाई के लिए बस से सफर करें। इसके लिए ही सरकार ने बस यात्रा मुफ़्त की हुई है।

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली सरकार को और मुझे व्यक्तिगत तौर पर दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों से महिलाओं की शिकायत आ रही थी कि जो डीटीसी और कलस्टर बसों के ड्राइवर और कंडक्टर हैं वह अक्सर महिलाओं को देखकर बस नहीं रोकते हैं। अगर किसी बस स्टॉप पर सिर्फ महिलाएं खड़ी होती हैं तो ड्राइवर बस नहीं रोकते हैं और बस चलाकर आगे निकल जाते हैं। दिल्ली के कई हिस्सों से यह शिकायत आई है। मैं सबसे पहले दिल्ली की महिलाओं को यह आश्वस्त करना चाहती हूं कि वह बसों में ज्यादा से ज्यादा संख्या में यात्रा करें। उसके लिए दिल्ली सरकार प्रतिबद्ध है। यही कारण है कि दिल्ली सरकार ने महिलाओं के लिए बस यात्रा फ्री की हुई है।

## समाचार

### अनस पब्लिक स्कूल में नव वर्ष 2025 की न्यू ईयर पार्टी का हुआ आयोजन



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी**

**हसनपुर।** बुधवार को नगर के चामुंडा रोड सोहरका मार्ग पर स्थित अनस पब्लिक स्कूल में नव वर्ष 2025 को लेकर न्यू ईयर पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे को नव वर्ष की बधाई दी और खुशी का इजहार किया तथा केक काटकर नए साल का स्वागत किया और जश्न मनाया, विद्यालय के प्रबंधको द्वारा समस्त स्टाफ को एवं छात्र-छात्राओं को बधाई दी गई , विद्यालय की प्रिंसिपल मिस अलिजवा खान ने छात्र-छात्राओं को नववर्ष की बधाई देते हुए अपनी पढ़ाई पर ध्यान देने तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की, विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने न्यू ईयर पर एक दूसरे को गिफ्ट भी दिए, इस मौके पर मुख्य रूप से विद्यालय के प्रबंधक चौधरी अरशद एवं श्रीमती सबा खान, तथा विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### विश्व हिंदू परिषद द्वारा धर्म रक्षा दिवस मनाया गया



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** नगर में मंगलवार की देर शाम हसनपुर के आर्य समाज मंदिर में धर्म रक्षा दिवस कार्यक्रम का आयोजन विश्व हिंदू परिषद हसनपुर के द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद धर्म रक्षा के प्रांतीय सदस्य रामेश्वर जी ने धर्म रक्षा कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए संबोधित किया,कार्यक्रम की अध्यक्षता उद्योगपति विमल कुमार अग्रवाल ने की, तथा संचालन मोहित अग्रवाल ने किया इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद हसनपुर के अध्यक्ष मोहित अग्रवाल ने बताया प्रत्येक वर्ष 21 दिसंबर से 31 दिसंबर तक विश्व हिंदू परिषद के द्वारा संपूर्ण भारतवर्ष में धर्म रक्षा दिवस कार्यक्रम, प्रत्येक नगर एवं गांव में मनाया जाता है,इसी सप्ताह गुरु गोविंद सिंह एवं उनके पुत्रों ने धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान दे दिया,किंतु अपना धर्म परिवर्तन नहीं किया,26 दिसंबर को उनके पुत्र बाबा जोरावर सिंह जी,बाबा फतेह सिंह जी, के बलिदान दिवस को,वीर बाल दिवस के रूप में भारत सरकार द्वारा मनाया जाता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अमरोहा जिले के जिला मंत्री विपिन शर्मा, जिला संगठन मंत्री डॉ.मनोज गौड़, जिला धर्म प्रसार प्रमुख प्रीतम सिंह चौहान, विहिप नगर अध्यक्ष हसनपुर मोहित अग्रवाल, संयोजक राहुल हिंदुस्तानी,नगर मंत्री अमित शर्मा, मातृशक्ति संयोजिका कविता सैनी, नन्हे सिंह सैनी एडवोकेट,उपाध्यक्ष अनुराग शर्मा, अनिल शर्मा, महिपाल सिंह गौतम,पवन चौहान,बिरजू चौहान, दिनेश अग्रवाल जय भोले,वरुण अग्रवाल, अतुल शर्मा, निशांत शर्मा,दिव्यांश अग्रवाल, विकास शर्मा,पुनीत शर्मा, कोमल कुमार, विजय लोधी,अरविंद राणा आदि सहित सैकड़ो सनातन धर्म के लोग मौजूद रहे।

### मध्य प्रदेश के दो श्रद्धालुओं को मिला जीवनदान, बोले - योगी के यूपी जैसा कोई नहीं



**महाकुम्भनगर, 01 जनवरी।** महाकुम्भनगर के सेंट्रल हॉस्पिटल में अत्याधुनिक सुविधाओं वाला आईसीयू मरीजों के लिए जीवनदायी साबित हो रहा है। साल के पहले दिन यहां पर सीने में तेज दर्द से परेशान मध्य प्रदेश के दो श्रद्धालुओं को लाया गया, जिन्हें डॉक्टरों ने अथक प्रयास करके बचा लिया। उन्होंने जीवन बचाने वाले चिकित्सकों का आभार जताया। साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जमकर प्रशंसा की। बोले योगी के यूपी जैसा कोई नहीं।

**>> जान बचने पर जताया आभार**

दोनों श्रद्धालुओं को सीने में तेज दर्द की शिकायत के बाद इमरजेंसी में परेड स्थित सेंट्रल अस्पताल लाया गया था। आईसीयू के डायरेक्टर डॉक्टर एसके पाण्डे के नेतृत्व में दोनों श्रद्धालुओं की ईसीजी की गई। कार्डियक अरेस्ट के दोनों पेशेंट का सभी जरूरी उपचार किया गया। जिसके बाद से दोनों श्रद्धालु पूरी तरह से स्वस्थ हैं। मध्य प्रदेश निवासी 55 वर्षीय रामेश्वर ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी के बारे में अबतक सिर्फ सुना ही था। आज उनका कुशल नेतृत्व देख भी लिया है। यहां के कुशल चिकित्सकों ने जिस तत्परता से हम लोगों की जान बचाई, उसे शब्दों में बयां नहीं कर पाएंगे।

### मोदी सरकार की सौगात से लाभान्वित होंगे लाखों अन्नदाता किसान: योगी

**लखनऊ, 1 जनवरी:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर पोस्ट कर केंद्रीय कैबिनेट द्वारा किसानों के हित में लिए गए निर्णयों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज केंद्रीय कैबिनेट द्वारा डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) पर ?3,500 प्रति मीट्रिक टन की एकमुश्त विशेष पैकेज सब्सिडी को 01/01/2025 से आगे बढ़ाने की स्वीकृति सराहनीय है। इस निर्णय से किसान बंधुओं को सस्ते और उचित मूल्य पर DAP उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लाखों अन्नदाता किसानों को लाभान्वित करती इस सौगात के लिए प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार भी जताया।

## राष्ट्र सेवी संगठन ने यज्ञ में आहुति डाल कर एवं फल वितरित कर नए साल का किया स्वागत

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** बुधवार को नए साल के अवसर पर राष्ट्र सेवी संगठन के कार्यकताओं ने तहसील हसनपुर क्षेत्र में स्थित बाबा घनशयाम दास वृद्धाश्रम डोमखेड़ा में फल,तिल गुड़ की गजक, रेवड़ी, मूंगफली आदि का वितरण किया। इस संबंध मे संगठन संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा ने बताया कि आज अंग्रेजी नव वर्ष 2025 शुरू हुआ है तथा साल के प्रथम दिन राष्ट्र सेवी संगठन के कार्यकर्ता नेक कार्य करने के लिए बेसहारा के लिए सहारा बने बाबा घनशयाम दास वृद्धाश्रम डोमखेड़ा में रहने वाले आश्रम वासियों को फल, मिठाई आदि वितरित करने पहुंचे हैं। इस मौके पर राष्ट्र सेवी संगठन के संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा एवं अंबेडकर विकास मंच के अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य तथा भाजपा नेता व समाजसेवी सुशील भगत जी ने सर्व प्रथम आश्रम में मौजूद मंदिर में आयोजित हो रहे यज्ञ में विश्व शांति की कामना को लेकर आहूतिया देकर ईश्वर से प्रार्थना की कि संगठन के कार्यकर्ता पूरे वर्ष इसी प्रकार देश हित, समाजहित के कार्य करते हुए संगठन को मजबूत करने के कार्य करते रहे। तथा इसके उपरांत सभी ने आश्रम में रह रहे बुजुर्गों को खाद्य सामग्री भेंट की, इस अवसर पर अंबेडकर विकास मंच के अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य, भारतीय किसान संघ से महिपाल सिंह, धर्मपाल सिंह, मोनू अग्रवाल, सुशील भगत जी, खड़क सिंह, रूपचंद सिंह , यशवीर सिंह, पुष्पेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा के हसनपुर मंडल अध्यक्ष राजू राणा का हुआ जोरदार स्वागत

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**




**हसनपुर।** बुधवार को नगर के ब्लॉक सभागार कक्ष में भाजपा मंडल अध्यक्ष हसनपुर के स्वागत समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी ने नव मनोनीत भाजपा मंडल अध्यक्ष हसनपुर राजू राणा एवं मंडल प्रतिनिधि पवन राज जाटव का फूल माला पहना कर जोरदार स्वागत किया, वहीं अन्य भाजपा कार्यकताओं ने भी नव मनोनीत मंडल अध्यक्ष एवं मंडल प्रतिनिधि का फूल माला पहना कर स्वागत किया, इस मौके पर विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी ने राजू राणा एवं मंडल प्रतिनिधि पवन राज जाटव के उज्जवल भविष्य की कामना की, वही खचाखच भरे सभागार कक्ष को संबोधित करते हुए मंडल प्रतिनिधि हसनपुर राजू राणा ने कहा कि वह सभी भाजपा कार्यकताओं को साथ लेकर चलेंगे तथा उन्होंने कहा कि भाजपा हाई कमान द्वारा सोपी गई इस जिम्मेदारी को में निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निभाऊंगा, कार्यक्रम में मुख्य रूप से हसनपुर ब्लाक प्रमुख ममता गुर्जर, मयंक अग्रवाल, संजय शर्मा, हेमराज सैनी, यसपाल प्रधान, भाजपा नेता अंकुर अग्रवाल, मुदित गुर्जर, देवकीनंदन पाल, देवेंद्र खड़कवंशी, शिखर अग्रवाल, अतुल गर्ग, मुकेश गुप्ता, सौरभ गुप्ता, पोरुष अग्रवाल, आम्रपाली गुर्जर आदि सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अपने इष्ट गणपति और नागा संन्यासियों को लेकर महाकुम्भ क्षेत्र पहुंचा श्री शंभू पंच दशनाम अटल अखाड़ा

**महाकुंभ नगर, 01 जनवरी।** प्रयागराज के संगम तट पर आयोजित होने जा रहे महाकुम्भ में जन आस्था के केंद्र सनातन धर्म के 13 अखाड़ो का अखाड़ा सेक्टर में प्रवेश जारी है। इसी क्रम में बुधवार को श्री शंभू पंचदशनाम अटल अखाड़े ने छावनी प्रवेश किया। छावनी प्रवेश को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

**इष्ट देव भगवान गजानन को लेकर कुंभ क्षेत्र में हुआ प्रवेश**

आदि गुरु शंकराचार्य के प्रयास से छठी शताब्दी में संगठित रूप में अस्तित्व में आये अखाड़ो की स्थापना शस्त्र और शास्त्र दोनों को आगे बढाने के लिए की गई। शास्त्र ने अगर शंकर के धार्मिक चिंतन को जन जन तक पहुचाया तो वही शस्त्र ने दूसरे धर्मो से हो रहे हमलो से इसकी रक्षा की। इन्ही अखाड़ो में शैव सन्यासी के अखाड़े श्री शंभू पञ्च दशनाम अटल अखाड़ा ने कुम्भ क्षेत्र में प्रवेश के लिए अपनी भव्य छावनी प्रवेश यात्रा निकाली। अलोपी बाग स्थिति अखाड़े के स्थानीय मुख्यालय से यह प्रवेश यात्रा निकाली गई। प्रवेश यात्रा में परम्परा, उत्साह और अनुशासन का खूबसूरत मेल देखने को मिला। आचार्य महा मंडलेश्वर स्वामी विश्वात्मानंद सरस्वती की अगुवाई में यह प्रवेश यात्रा निकली। सबसे आगे अखाड़े के ईष्ट देवता भगवान गजानन की सवारी और उसके पीछे अखाड़े के परंपरागत देवता रहे।

**नागा संन्यासियों की फौज बनी आकर्षण और आस्था का केंद्र**

स्थानीय मुख्यालय से शुरू हुए अटल अखाड़े के छावनी प्रवेश में नागा संन्यासियों की फौज को देखने के लिए शहर में स्थानीय लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। इष्ट देवता गणपति के पीछे चल रहे अखाड़े के पूज्य देवता भालो के बाद कतार में नागा सन्यासी चल रहे थे। यह पहला अखाड़ा था जिसमें नागा संन्यासिनियों ने भी अपनी मौजूदगी दर्ज की। छावनी प्रवेश में एक बाल नागा भी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विश्वात्मानंद सरस्वती का कहना है कि छावनी में दो दर्जन से अधिक महा मंडलेश्वर और दो सौ से अधिक नागा संन्यासी शामिल थे। रथों में सवार अखाड़े के संतों का आशीर्वाद लेने के लिए लोग सड़कों के दोनो तरफ दिखे।



**"सूर्य प्रकाश" भाला रहा आकर्षण का केंद्र**

अटल अखाड़े के जुलुस में एक बात अलग से देखी गई और वह है अखाड़े की प्रवेश यात्रा में सबसे आगे फूलों से सजे धजे वह भाले जिन्हें अखाड़ो के इष्ट से कम सम्मान नहीं मिलता। अखाड़े की पेशवाई में अखाड़े के जुलूस में भी आगे था "सूर्य प्रकाश" नाम का वह भाला जो केवल प्रयागराज के महाकुम्भ में ही अखाड़े के आश्रम से महाकुम्भ क्षेत्र में निकलता है।

**जगह जगह अखाड़े के संतों का प्रशासन ने किया स्वागत**

पांच किमी का रास्ता तय कर अखाड़े की प्रवेश यात्रा महाकुंभ के सेक्टर 20 पहुंची। रास्ते में कई जगह महा कुम्भ प्रशासन की तरफ से संतों का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया।

## छह से 10 जनवरी तक स्कूलों-कॉलेजों में चलाएं सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम: मुख्यमंत्री



**लखनऊ, 1 जनवरी:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नव वर्ष के पहले दिन बुधवार को उप्र राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक ली। उन्होंने सभी विभागों को सड़क सुरक्षा से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 5 जनवरी तक हर हाल में बैठक संपन्न कर लें। छह से 10 जनवरी तक सभी स्कूलों-कॉलेजों में सड़क सुरक्षा नियमों से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। मुख्यमंत्री जी ने यह भी निर्देश दिए कि महाकुम्भ में बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए पीआरडी व होमगार्डों की संख्या बढ़ाई जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में हर वर्ष हो रही 23-25 हजार मौतें देश व राज्य की क्षति है। यह दुर्घटनाएं जागरूकता के अभाव में होती हैं। सड़क सुरक्षा माह सिर्फ लखनऊ तक सीमित न रहे, बल्कि इसे प्रदेश के सभी 75 जनपदों में सुचारू रूप से संपन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त भी हर माह जनपदों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा की बैठक हो, जिसमें पुलिस अधीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त, आरटीओ, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी आदि उपस्थित रहें। जनपद स्तर पर हुए कार्यों की प्रोग्रेस को लेकर हर तीसरे महीने शासन स्तर पर मूल्यांकन किया जाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उन जनपदों व स्थलों को चिह्नित करें, जहां अधिक दुर्घटनाएं संभावित हैं। इसके लिए कारणों का पता करते हुए इसके समाधान की कार्ययोजना बनाई जाए। नाबालिग ई-रिक्शा व अन्य वाहनों का संचालन न कर पाएं, इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। ई-रिक्शा के रजिस्ट्रेशन की कार्रवाई सुचारू रूप से की जाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सड़कों पर अनिवार्य रूप से साइनेज लगाए जाएं, जिससे लोगों को आवागमन में भी सहूलियत हो सके। उन्होंने कहा कि ओवरलोडिंग कतई बर्दाश्त नहीं है। इसे स्टॉर्टिंग पॉइंट पर ही रोका जाए। एक्सप्रेस व हाइवे पर लोडेड वाहन भी खड़े रहते हैं, जो दुर्घटना का कारण बनते हैं। इन वाहनों को क्रेन के माध्यम से हटवाया जाए। हेलमेट, सीट बेल्ट तथा सड़क सुरक्षा के अन्य मानकों को अपनाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाकर प्रेरित किया जाए।

## आपदा प्रबंधन के लिए योगी सरकार का मास्टर प्लान

**महाकुम्भ नगर, 01 जनवरी।** मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के रूप में विख्यात महाकुम्भ 2025 को आपदा मुक्त संपन्न करने के लिए योगी सरकार ने पूरी ताकत झोंक दी है। किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोकने और उससे निपटने के लिए पूरी तरह प्रशिक्षित और सक्षम फोर्स को तैनात कर दिया गया है। इसी क्रम में अब क्विक रिस्पॉन्स के साथ ही जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए इंसिडेंट रिस्पॉन्स सिस्टम (IRS) का गठन किया गया है। इसके तहत, मंडल, जनपद और मेला स्तर पर जिम्मेदारियां निर्धारित की गई हैं। मेला क्षेत्र के अंतर्गत किसी भी आपात स्थिति या आपदा के घटित होने पर रिस्पांसिबिल टीम तत्काल क्रियाशील हो जाएगी।

**मण्डलायुक्त होंगे रिस्पॉन्सिबल अधिकारी**

योगी सरकार के राजस्व विभाग द्वारा आईआरएस का गठन किया गया है। इसमें प्रयागराज मंडल के तहत
मण्डलायुक्त, प्रयागराज एवं अध्यक्ष, प्रयागराज मेला प्राधिकरण को रिस्पॉन्सिबल अधिकारी बनाया गया है। वहीं, पुलिस आयुक्त, प्रयागराज को सुरक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह, जनपद स्तर पर जिला मजिस्ट्रेट, प्रयागराज एवं अध्यक्ष, डीडीएमए, प्रयागराज को इंसिडेंट कमाण्डर, अपर जिलाधिकारी को डिप्टी इंसिडेंट कमाण्डर और डीसीपी नगर, प्रयागराज को सुरक्षा अधिकारी नियुक्त किया गया है।

**मेला क्षेत्र के लिए मेलाधिकारी होंगे इंसिडेंट कमाण्डर**

मेला क्षेत्र के लिए मेला अधिकारी को इंसिडेंट कमाण्डर मेला क्षेत्र नियुक्त किया गया है। सहायक मेला अधिकारी को उप इंसिडेंट कमाण्डर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, कुंभ मेला को सुरक्षा अधिकारी, एसडीएम सेक्टर को इसिडेंट कमाण्डर मेला सेक्टर और एडिशनल एसपी/डिप्टी एसपी, सेक्टर को सुरक्षा अधिकारी मेला सेक्टर निर्धारित किया गया है। इन सभी का मुख्य कार्य आपदा की स्थिति में तुरंत क्रियाशील होना होगा।

**जारी हुई अधिसूचना**

प्रमुख सचिव पी गुरुप्रसाद की ओर से इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार, महाकुम्भ 2025, प्रयागराज के सुचारू संचालन के लिए मेले के आयोजन के दौरान किसी भी आपदा पर त्वरित, कुशल एवं प्रभावी गति से कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने के लिए संगठनातमक संरचना के अनुसार प्रत्येक हितधारक/उत्तरदाता की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को स्पष्ट किए जाने के उद्देश्य से इंसिडेंट रिस्पॉन्स सिस्टम (IRS) को महाकुम्भ मेला जनपद क्षेत्र के लिए गठित किया गया है। मेला क्षेत्र के अन्तर्गत किसी आपात स्थिति/आपदा के घटित होने पर यह रिस्पांसिबिल टीम क्रियाशील रहेगी।

# स्वच्छता का नया कीर्तिमान बना रहा महाकुम्भ 2025

**01 जनवरी, महाकुम्भनगर।** प्रयागराज में 13 जनवरी से महाकुम्भ 2025 का आगाज होने जा रहा है। महाकुम्भ के आयोजन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस बार महाकुम्भ को स्वच्छ महाकुम्भ बनाने के लिए व्यापक कार्य किए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं को स्वच्छ महाकुम्भ का अनुभव दिलाने के साथ ही स्वच्छताकर्मियों का भी ध्यान रखा जा रहा है। उनके लिए सैनिटेशन कॉलोनी और उनके बच्चों के लिए प्राथमिक विद्यालय खोले जा रहे हैं। सीएम योगी ने भी मंगलवार को समीक्षा बैठक में स्वच्छता को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए थे। उन्होंने मेले में काम कर रहे स्वच्छताकर्मियों और अन्य कर्मचारियों के रहने, खाने उनके काम के समय और वेतन भुगतान का उचित प्रबंध रखने को कहा था।

**महाकुम्भ 2025 में बनेंगे स्वच्छता के नये विश्व कीर्तिमान**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समीक्षा बैठक के दौरान कहा था कि 2019 के कुम्भ में हमारी सरकार ने स्वच्छता का विश्व कीर्तिमान बनाया था, 2025 के महाकुम्भ में हमें उसे और आगे बढ़ना है। महाकुम्भ में स्वच्छता और स्वास्थ हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। उनके निर्देश पर श्रद्धालुओं के मार्गों से सभी तरह की निर्माण सामग्री हटाए जाने का कार्य शुरू हो गया है। साथ ही निर्माण कार्यों का मलबा, पत्थर, ईट-रोड़ा भी हटाने पर फोकस किया जा रहा है। सड़कों को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त किए जाने की योजना है तो सड़क पर लगने वाले ठेले, रेड़ीयों को वेंड़िग जोन में जगह दिए जाने पर विचार हो रहा है। नियमित रूप से मार्गों की सफाई, कूड़े-कचरे के निस्तारण के आदेश दिए गए हैं। प्रयास है कि न केवल मेला क्षेत्र बल्कि पूरे शहर में स्वच्छता की समग्रता दिखाई दे।

**नदी, घाट और श्रद्धालुओं के आने-जाने वाले मार्ग होंगे पूरी तरह साफ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वच्छ महाकुम्भ अभियान को सफल बनाने कि दिशा में मेले के पहले स्वच्छताकर्मियों की तैनाती, उनके रहने-खाने की व्यवस्था का प्रबंधन करने के निर्देश दिये थे। उन्होंने नहाने दौरान घाटों और नदियों को भी पूरी तरह स्वच्छ रखने को कहा। निदेर्शो के क्रम में मेले में प्लास्टिक का प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसकी रोकथाम को स्वयं मेला अधिकारी सुनिश्चित कर रहे हैं। मेला क्षेत्र में दवाईयों का छिडकाव और फागिंग नियमित रूप से कराए जाने की व्यवस्था कर दी गई है। ये भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि शौचालय की सफाई में किसी तरह की कमी या शिकायत नहीं उत्पन्न हो।

**स्वच्छताकर्मियों और उनके बच्चों का भी रखा जा रहा पूरा ध्यान**

सीएम ने मेला अधिकारी और प्राधिकरण को मेले में तैनात स्वच्छताकर्मियों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने स्वच्छताकर्मियों के रहने-खाने के साथ, उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा और समय पर उनका वेतन देने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने स्वच्छताकर्मियों के बच्चों के लिए मेले के दौरान स्कूल, ड्रेस, स्वेटर और मिड डे मील की व्यवस्था करने को भी कहा था। मेला प्राधिकरण इस पर लगातार कार्य कर रहा है। सैनिटेश कालोनियों में सफाई और स्वास्थ्य की पूरी व्यवस्था की जा रही है और उनके बच्चों को विद्या कुंभ के माध्यम से प्राथमिक विद्यालय से जोड़ा जा रहा है।

## योगी सरकार के प्रयास से यूपी में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग बन रहा आत्मनिर्भरता का आधार

**लखनऊ, 1 जनवरी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दृढ़ नेतृत्व और स्पष्ट दिशा-निर्देशन में उत्तर प्रदेश तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने ऐसे ठोस कदम उठाए हैं, जो ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में महिलाओं, उद्यमियों और युवाओं को आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रहे हैं। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएम एफएमई) के अंतर्गत राज्य सरकार ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। भारत सरकार द्वारा निर्धारित 14 इन्क्यूबेशन सेंटर/कॉमन फैसिलिटी सेंटर की स्थापना उत्तर प्रदेश में पूरी हो चुकी है। इनकी परियोजना लागत 47 करोड़ रुपये है, जिसके अंतर्गत अत्याधुनिक प्लांट और मशीनरी की आपूर्ति की जा रही है। इन केंद्रों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। अनुमान है कि इन केंद्रों के माध्यम से प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से लगभग 15,000 महिलाओं को लाभ मिलेगा।

**उद्यमिता को बढ़ावा देकर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही योगी सरकार**

योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों में आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अनुसार, राज्य सरकार ने 10,000 स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को कार्यशील पूंजी और छोटे औजारों की खरीद के लिए 30 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की है। यह राशि राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और राज्य शहरी आजीविका मिशन के माध्यम से प्रदान की गई है। यह कदम न केवल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बना रहा है, बल्कि उनकी उद्यमशीलता को भी बढ़ावा दे रहा है।

पीएम एफएमई योजना के तहत एमआईएस वेब पोर्टल पर अब तक 46,897 उद्यमियों का पंजीकरण किया गया है। इनमें से 32,176 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से बैंक द्वारा 13,933 परियोजनाओं को ऋण स्वीकृत किया गया है। इन परियोजनाओं को 3 लाख रुपये से 10 लाख रुपये तक की अनुदान राशि दी गई है। इस योजना के माध्यम से उत्तर प्रदेश में अब तक लगभग 1,500 करोड़ रुपये का निवेश हो चुका है। यह निवेश ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा कर रहा है। राज्य सरकार के प्रयासों से लगभग 1 लाख लोगों को रोजगार मिला है, जो प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बना रहा है।

**स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दे रही योगी सरकार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह सपना है कि उत्तर प्रदेश के स्थानीय उत्पादों को न केवल देश में, बल्कि वैश्विक स्तर पर पहचान मिले। खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों में यह पहल इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन्क्यूबेशन सेंटर और कॉमन फैसिलिटी सेंटर न केवल उत्पादन को बढ़ावा देंगे, बल्कि उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार कर उन्हें अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "आत्मनिर्भर भारत" के विजन को साकार करने में उत्तर प्रदेश अग्रणी भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों ने प्रदेश को एक ऐसे मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया है, जहां स्थानीय संसाधनों का उपयोग कर रोजगार के अवसर पैदा किए जा रहे हैं।

# नव वर्ष पर श्री खाटू श्याम मंदिर में लगा भक्तों का तांता, भक्तों ने माथा टेक की सुख-समृद्धि की कामना

## श्री खाटू श्याम मंदिर में नव वर्ष 2025 के आगमन पर भजन कीर्तन का आयोजन

**करनाल सुखविंदर सोही**

शहर की पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में नव वर्ष 2025 के आगमन पर भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मंदिर को अद्भुत ढंग से रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया। बाबा श्याम के स्वरूप को फूलों से सजाया और महकाया गया। नव वर्ष पर सुबह से लेकर शाम तक खाटू श्याम मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तजन बाबा श्याम के दर्शन करने के लिए लंबी-लंबी लाइनों में खड़े नजर आए। इस मौके पर मंदिर के मुख्य पुजारी दीपक पांडे द्वारा बाबा श्याम की महिमा का गुणगान किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर कीर्तन का आनंद उठाया। मंदिर कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं को मीठे चावल व चाय का प्रसाद वितरित किया गया। शाम को भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर के मुख्य सेवक देसराज गुप्ता ने नव वर्ष 2025 के आगमन पर सभी शहरवासियों एवं श्रद्धालुओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि हर नव वर्ष पर मंदिर में भजन कीर्तन व भंडारे का आयोजन किया जाता है। करनाल जिले के साथ-साथ दूर-दूर से श्याम बाबा के दर्शन करने के लिए लोग पहुंचते है। बाबा सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करते है। इस अवसर पर मंदिर के मुख्य सेवक देसराज गुप्ता, अनिल गर्ग, महिंद्र गुप्ता, रामकरण गोयल, पवन गर्ग, कृष्ण कुमार मित्तल, हरीश गुप्ता व पवन गोयल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। 1 केएनएल 1,2,3



# अंत्योदय महिलाओं को हरियाणा सरकार देगी 500 रुपए में गैस सिलेंडर : उपायुक्त

## हर घर-हर गृहणी योजना के तहत किया जा रहा है रजिस्ट्रेशन

**करनाल सुखविंदर सोही**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से संचालित हर गृह-हर गृहणी योजना अंत्योदय परिवारों की महिलाओं को रसोई में धुआं रहित स्वच्छ वातावरण देने में कारगर साबित होगी। इस योजना के अंतर्गत बीपीएल परिवार की महिलाओं को 500 रुपए की रियायती दरों पर एलपीजी सिलेंडर हर महीने दिया जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि हरियाणा सरकार ने बीपीएल परिवार की महिलाओं को प्रति माह 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने की हर घर-हर गृहणी योजना शुरू कर दी है। अंत्योदय परिवारों की महिलाएं योजना के आधिकारिक पोर्टल ईपीडीएसडॉट हरियाणा फूडडॉटजी ओवीडॉटइन पर रजिस्ट्रेशन करवा सकती हैं। उन्होंने बताया कि बीपीएल परिवारों को स्वच्छ ईंधन मिले और महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार हो, इसी उद्देश्य से हर गृह-हर गृहिणी योजना का शुभारम्भ किया गया है। कम आमदनी वाले घर, जो फुल प्राइस पर एलपीजी नहीं खरीद सकते और खाना पकाने के लिए पारम्परिक संसाधनों पर निर्भर करते थे, उन्हें इस योजना से खासकर फायदा होगा। उपायुक्त ने बताया कि सरकार द्वारा एलपीजी कनेक्शन देने के लिए उज्जवला योजना पहले से शुरू की हुई थी जिसमें 500 रुपए में गैस कनेक्शन मिल जाता है। अब जिन परिवारों की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपए या इससे कम है, वे महिला उपभोक्ता के नाम से हर घर - हर गृहिणी योजना का लाभ ले सकते हैं। इस स्कीम के तहत हर महीने 500 रुपए में एलपीजी रिफिल मिलेगा।



# महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए दिया जा रहा 3 लाख रुपए तक का ऋण: डीसी

**करनाल बीटू संधू**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। महिला विकास निगम के माध्यम से राज्य की विधवा, तलाकशुदा या कानूनी रूप से अलग हुई महिलाओं को बैंकों के माध्यम से अपना स्वयं का व्यवसाय करने के लिए 3 लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। उपायुक्त ने बताया कि योजना के तहत बैंक ऋण के ऊपर लगे ब्याज की प्रतिपूर्ति हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा अनुदान के रूप में अदा करके की जाएगी, जिसकी अधिकतम सीमा 50 हजार रुपए व अवधि 3 वर्ष जो भी पहले होगी। योजना का लाभ लेने के लिए महिला की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच हो। महिला की वार्षिक आमदनी 3 लाख रुपए से ज्यादा ना हो और महिला हरियाणा की स्थायी निवासी हो। योजना में मसाला यूनिट, डोना बनाना, रेडीमेड गारमेंट्स, ब्यूटी पार्लर, ऑटो रिक्शा इत्यादि शामिल है। इच्छुक महिलाएं आवेदन करने के लिए व फार्म प्राप्त करने के लिए हरियाणा महिला विकास निगम कार्यालय में संपर्क कर सकती हैं।



# केक काटकर आतिशबाजी के साथ हुआ नव वर्ष का आगाज

- नव वर्ष के आगमन पर मेगा टैलेंट शो में बच्चों ने उकेरी सांस्कृतिक प्रतिभाएं
- सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम में मचाया बच्चों ने धमाल, देशभक्ति गीतों पर झूम उठे शहरवासी

**करनाल बीटू संधू**

जय भारत युवा मंडल रजि. तरावड़ी की ओर से नव वर्ष के उपलक्ष में मेगा टैलेंट शो का आयोजन तरावड़ी शहर के गुरूद्वारा रोड पर किया गया। जिसमें हल्के के विधायक भगवानदास कबीरपंथी, श्री हसं राईस मिल के सी.एम.डी. प्रदीप गुप्ता, राघव इंडस्ट्रीज के सी.एम.डी. राकेश गर्ग, पंजाबी सभा तरावड़ी के प्रधान राजीव नारंग, जी.वी. राईस एक्सपोर्ट प्रा.लि. तरावड़ी के सी.एम.डी. विनित बंसल ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। न्यू कैम ऑयल प्रा.लि. तरावड़ी के सी.एम.डी. राजकुमार टॉयल, दाता राम फर्नीचर हाउस के सीएमडी रवि चावला, आरएलफूड से अनुज गुप्ता, सरस्वती पब्लिक स्कूल पखाणा के निर्देशक डा. मुनीष परवेज राणा, सामाजिक कार्यकर्त्ता भूपेंद्र राणा भी विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जय भारत युवा मंडल तरावड़ी के अध्यक्ष एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी रोहित लामसर, उपाध्यक्ष संदीप कटारिया व महासचिव पंकज ठाकुर ने की। मेगा टैलेंट शो में एक तरफ जहां गीतकार ने अपनी बेहतरीन एवं सुरीली आवाज के माध्यम से भाव-विभोर किया। वहीं सुंदर नाट्क एवं झाकियों ने भी दर्शकों का भाव-विभोर कर दिया। जैसे की कलाकार अपनी कला का मंच पर प्रदर्शन कर रहे थे तो पूरा पंडाल तालियों की गूंजगूजाहट से गूंज रहा था। नन्हें-मुन्हें बच्चों ने भी देशभक्ति, पंजाबी, हरियाणवी गीतों पर सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम का धमाल मचाया। 521 फूड प्रोडक्ट, न्यू कैम ऑयल प्रा.लि. एवं दाता राम फर्नीचर हाऊस की तरफ से प्रतिभावान बच्चों के साथ-साथ समाजसेवियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।




# खिलाड़ी कैश अवॉर्ड के लिए विभागीय पोर्टल हरियाणा खेल कैश अवॉर्ड पर 10 जनवरी तक करें आवेदन: उपायुक्त

## राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं के पदक विजेता कर सकते हैं आवेदन

**करनाल बीटू संधू**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि खेल विभाग द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्टीय खेल स्पधाओं में प्रतिभागी रहे व पदक जीतने वाले खिलाड़ियों से छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। ये उपलब्धियां एक जनवरी, 2023 से 31 मार्च, 2024 के बीच की अवधि की होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि हर साल खेल विभाग की ओर से पदक विजेता खिलाड़ियों को स्कोलरशिप दी जाती है। इस बार भी स्कोलरशिप के लिए 30 जुलाई, 2024 तक आवेदन मांगे गए थे। लेकिन बहुत से खिलाड़ी आवेदन करने से वंचित रह गए थे। जिस कारण खेल विभाग ने अब एक जनवरी, 2025 से 10 जनवरी, 2025 तक खिलाड़ियों को आवेदन करने का एक और अवसर प्रदान किया है। जिसके लिए नेशनल एवं इंटरनेशनल खेलों में पदक विजेता व भाग लेने वाले खिलाड़ी आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि छात्रवृत्ति का आवेदन पत्र हरियाणास्पोर्टस. जीओवी.इन वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। खिलाड़ी जिला खेल अधिकारी कार्यालय में दस जनवरी तक आवेदन पत्र जमा करवा सकते हैं। इसके बाद उनको और कोई मौका नहीं दिया जाएगा।



# नए साल में प्रदेश को बनाएंगे ग्रीन हरियाणा क्लीन हरियाणा

## प्रदूषण फैलाने वालों से सख्ती से निपटेंगे

**>> हवा को प्रदूषण रहित बनाने के लिए चलाएंगे जनजागरण अभियान**

**करनाल सुखविंदर सोही**

**करनाल।** केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण एवं पर्यावरण संरक्षण आयोग हरियाणा के अध्यक्ष अशोक काम्बोज ने नए साल की प्रदेश वासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहार कि नए साल मतें हरियाणा प्रदेश को ग्रीन हरियाणा क्लीन हरियाणा बनाएंगे। उन्होंने कहा कि नए साल में प्रदूषण मुक्त करने के लिए खेत से लेकर कारखानों तक अभियान चलाएंगे। उनेंने कहा कि हरियाणा में हरित क्षेत्र कम होता जा रहा है। इसे रोका जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी लोग मिल कर अपने जन्म दिन पर अपने बुजुर्गों की याद में एक पेड़ जरूर लगाएं । रदूषण से जो हमारे स्वास्थ्य एवं पर्यावरण को नुकसान हो रहा है उसे हर संभव प्रयास करके बढ़ाने का प्रयास करेंगे ताकि हर जीव जंतु खुली हवा में में सांस ले सके श्री अशोक अंबुज अन्य को सामाजिक संस्थाओं में रहते हुए समाज के हित में कार्य कर चुके हैं उन्हीं के द्वारा किए गए कार्यों को देखते हुए आज उन्हें जिम्मेदारी दी गई है ताकि वे पूर्व की भांति जैसे अन्य जिम्मेदारियां का निर्वाह किया है उक्त जिम्मेदारी का भी निर्वाह करेंगे और शुद्ध पर्यावरण सुरक्षित पर्यावरण के मुहिम को सफल बनाने के लिए प्रयास करेंगे तथा समय-समय पर सरकार एवं आयोग की तरफ से मिलने वाले दिशा निदेशों का पालन करते हुए जनहित में कार्य करेंगेकेंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण एवं पर्यावरण संरक्षण आयोग हरियाणा का अध्यक्ष अशोक कंबोज ने बताया कि जल्द ही प्रदेश भर में जैविक खाद के प्रयोग के साथ पराली को जलाने के खिलाफ प्रदेश भर में जन जागरण अभियान चलाएंगे। उन्होंनें कहा कि कि जिस तरह से हरियाणा और पंजाब में अंधाधुंध कीटनाशकों के प्रयोग से जमीन जहरीली हो रही।



# हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो मुख्यालय मधुबन पर पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा, IPS ने हरियाणा एनसीबी मुख्यालय के सभी पदाधिकारियों की ली मीटिंग और दिए आवश्यक दिशा निर्देश।

**करनाल सुखविंदर सोही**

मधुबन हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, मुख्यालय मधुबन पर ब्यूरो प्रमुख श्री ओ.पी. सिंह, क्ढर पुलिस महानिदेशक के दिशा निदेशों की अनुपालना करते हुए पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा, क्ढर ने मुख्यालय के सभी पदाधिकारीयों/कर्मचारियों की मीटिंग ली एवं सुधारात्मक आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक द्वारा संपूर्ण हरियाणा एनसीबी परिवार को नये साल की शुभकामनाएं दी व सभी के परिवार बारे मंगलकामनाएं प्रेषित की गई। हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के पुलिस अधीक्षक द्वारा मुख्यालय की सभी शाखाओं के प्रभारियों से ब्यूरो की कार्यप्रणाली, उपलब्धियों, सभी शाखाओं के कार्य तथा जागरूकता और पुनर्वास सुधारात्मक कार्य के बारें में सम्पूर्ण जानकारी ली गई। इसके अतरिक्त ब्यूरो मे मुलाजिमों की तैनाती, उनकी कार्य क्षमता, उनके कार्य करने के तरीके, उनकी परफॉर्मेन्स रिपोर्ट इत्यादि के बारे संक्षिप्त जानकारी ली गई। पुलिस अधीक्षक ने ब्यूरो द्वारा कारवाई जाने वाली विभिन्न ट्रैनिंग प्रोग्राम, शार्ट प्रोग्राम तथा ब्युरो द्वारा की चलाई गई विभिन्न मुहिम बारे विस्तृत चर्चा की। हरियाणा एनसीबी में तैनात अनुसंधानकर्ताओ कि कार्यपणार्ली मे विभिन्न तरीकों से अन्य पहलुओ की भी चर्चा की गई। ताकि ट्रैनिंग प्रोग्राम आदि के माध्यम से ब्युरो व हरियाणा पुलिस के प्रदर्शन को और बढ़ाया जा सके। हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो प्रमुख श्री ओ पी सिंह, आई.पी.एस. पुलिस महानिदेशक के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने बारे, नशा के विरुद्ध प्रचार-प्रसार, जन भ?



# नए साल के पहले दिन विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने अधिकारियों से कहा, विकास कार्यों में लाएं तेजी, फंड की कमी है तो बताएं, जनता के काम समय पर होने चाहिए

## करनाल नगर निगम के अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर 3, 4, 5,6 के कार्यो की भी बारीक समीक्षा

**करनाल रेस्ट हाउस में विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए। बैठक में डीसी उत्तम सिंह व नगर निगम कमिशनर वैशाली शर्मा भी दिखाई दे रही हैं।**



**करनाल सुखविंदर सोही**

**करनाल** अपने हर कार्य के प्रति गंभीरता के लिए पहचाने जाने वाले विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने नए साल के पहले दिन करनाल पीडब्ल्यू डी रेस्ट हाउस में अधिकारियों की बैठक लेकर ओवरआल विकास कार्यों व घरौंडा विधानसभा व करनाल नगर निगम के अंतर्गत आने वाली कॉलोनियों व अन्य कार्यों की भी बारीक समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अधिकारी रुके हुए कार्यों को गति दें और सभी संबंधित विभागीय अधिकारी आपस में तालमेल करके काम करें। साथ ही श्री कल्याण ने अपने चिरपरिचित अंदाज में कहा कि किसी भी कार्य में लापरवाही ना हो, काम समय पर पूरे हों, जनहित से जुड़े कामों पर अधिकारी पूरी तवज्जो व शिद्दत से काम करें, जनता को किसी तरह की परेशानी ना आए, ना किसी अधिकारी के व्यवहार से ना स्वभाव से। जनता सबसे बड़ी समीक्षक होती है, हां अधिकारियों को कोई फंड में दिक्कत है तो वो उन्हें बताएं।

श्री कल्याण ने घरौंडा विधानसभा के रेलवे, नेशनल हाइवे, मदनपुर स्कूल की अपग्रेडिंग, कम्युनिटी सेंटर्स, कंबोपुरा के इंडोर स्टेडियम, सिरसी, दाहा, पाई व अन्य विधानसभा से जुड़े हर कार्य पर बारीकी से डीसी व नगर निगम के अधिकारियों से पूछा कि इन कामों का क्या स्टेटस है और ये कब तक पूरे हो जाएंगे। उन्होंने नगर निगम कमिशनर वैशाली शर्मा से कहा कि निगम के कामों की गति धीमी क्यों है।

# नववर्ष पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहला निर्णय लिया किसान हित में: विधायक जगमोहन आनंद

**केंद्रीय मंत्रीमंडल ने फसल बीमा के लिए आवंटन बढ़ाने को मंजूरी दी**

**करनाल सुखविंदर सोही**

**करनाल।** के विधायक जगमोहन आनंद ने नववर्ष पर पहला निर्णय किसान हित में लिए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने फसल बीमा के लिए आवंटन बढ़ाने को मंजूरी दी है। इससे अन्नदाताओं की फसल को और ज्यादा सुरक्षा मिलेगी। वहीं नुकसान की चिंता भी कम होगी। इसके साथ-साथ किसानों को डीएपी की किफायती दरों पर निरन्तर उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए एनबीएस सब्सिडी के परे डीएपी पर एकमुश्त विशेष पैकेज को 3,500 रुपये प्रति मीट्रिक टन की दर से बढ़ाने के उर्वरक विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि इससे किसानों को रियायती, किफायती और उचित मूल्य पर डीएपी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। किसानों के कल्याण को दृढ़ता से ध्यान में रखकर उन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता देना जारी रखते हुए, सरकार ने डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) उर्वरक की कीमत में कोई बदलाव नहीं करते हुए किसानों को बड़ी राहत दी है। भू-राजनीतिक बाधाओं और वैश्विक बाजार स्थितियों की अस्थिरता के बावजूद, सरकार ने खरीफ और रबी 2024-25 के लिए किसानों को सस्ती कीमतों पर डीएपी की उपलब्धता सुनिश्चित करके किसान हितैषी दृष्टिकोण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता रखी। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को 2025-26 तक जारी रखने की मंजूरी दे दी। इस निर्णय से 2025-26 तक देश भर के किसानों को नहीं रोके जा सकने योग्य प्राकृतिक आपदाओं से फसलों के जोखिम कवरेज में मदद मिलेगी।



# हरियाणा के शिक्षामंत्री महीपाल ढांडा को नववर्ष और जन्मदिन की शुभकामनाएं, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के कारण बड़ा कार्यक्रम रद्द

**करनाल सुखविंदर सोही**

**हरियाणा।** के शिक्षामंत्री श्री महीपाल ढांडा के जन्मदिन और नववर्ष के अवसर पर उनके आवास पर हजारों लोग शुभकामनाएं देने पहुंचे। हालांकि, देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के असामयिक निधन के कारण बड़े सार्वजनिक कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया था। इसके बावजूद, शिक्षामंत्री के प्रति जनता और कार्यकताओं का स्नेह इस बात का प्रमाण है कि वे प्रदेश में एक लोकप्रिय और प्रेरणादायक नेता के रूप में स्थापित हैं।

**कार्यक्रम की विशेषताएँ**



डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के चलते शिक्षामंत्री ने जन्मदिन पर होने वाले भव्य आयोजनों को स्थगित कर दिया और इसे एक सादगीपूर्ण रूप से मनाया हालांकि पूर्व प्रधानमंत्री के निधन के बाद शिक्षामंत्री ने नववर्ष ओर जन्मदिन पर हर साल की तरह इस साल भी होने वाले बड़े आयोजन को कैंसिल करने की सूचना अपने सभी कार्यकताओं को दे दी थी लेकिन इसके बावजूद, हजारों की संख्या में पानीपत ग्रामीण की जनता और स्थानीय नेता उनके आवास पर शुभकामनाएं देने के लिये पहुँचे।। शिक्षामंत्री के आवास पर सुबह से ही लोगों का तांता लगना शुरू हो गया। हर आयु वर्ग के लोग–बच्चे, युवा, बुजुर्ग शिक्षामंत्री को बधाई देने पहुंचे। कार्यकताओं और समर्थकों ने एक स्वर में श्री महीपाल ढांडा को उनकी जनता-सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सराहा। कार्यक्रम में आए एक वरिष्ठ नागरिक ने कहा, "महीपाल जी ने पानीपत ग्रामीण विधानसभा में जो सुधार किए हैं, वे काबिलेतारीफ है । आज उनका जन्मदिन मनाना हमारे लिए सम्मान की बात है।" जनता और कार्यकताओं का प्यार देखकर शिक्षामंत्री ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा,

# हरा भरा और पेड़ लगाना अभी के समय में बहुत जरूरी पहल

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)
**बेतिया/सेतु कुमार तिवारी।**



वृक्षारोपण एक स्थायी भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बन गया है। इस आवश्यक आवश्यकता को पहचानते हुए, हमारे गैर-सरकारी संगठन गिव मी ट्रीज ने पर्यावरण के प्रति सकारात्मक योगदान देने और जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से एक वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया। हमारी पहल इस विश्वास पर आधारित थी कि रोपा गया प्रत्येक पेड़ वनों की कटाई का मुकाबला करने, कार्बन पदचिह्न को कम करने और जैव विविधता को बढ़ाने के करीब एक कदम है। "ग्रीन अर्थ, क्लीन अर्थ" के आदर्श वाक्य के साथ, हमने पर्यावरण पर स्थायी प्रभाव बनाने के साथ-साथ समुदाय को सार्थक कार्रवाई में शामिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया। इस आयोजन की सावधानीपूर्वक योजना बनाई गई थी ताकि अधिकतम भागीदारी और प्रभावशीलता सुनिश्चित हो सके। वृक्षारोपण अभियान पास के स्थानों पर हुआ, जिसे हरियाली की आवश्यकता वाले क्षेत्र के रूप में पहचाना गया था। छात्रों, पेशेवरों और स्थानीय निवासियों सहित जीवन के सभी क्षेत्रों के स्वयंसेवक इस आयोजन को सफल बनाने के लिए हाथ मिलाते हैं। रोपण के साथ-साथ, हमने एक जागरूकता अभियान चलाया, जिसमें प्रतिभागियों को पेड़ों के लाभों के बारे में शिक्षित किया गया, जैसे कि वायु प्रदूषण को कम करना, छाया प्रदान करना और वन्य जीवन का समर्थन करना। ड्राइव ने उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी, जिससे पर्यावरण के प्रति समुदाय और जिम्मेदारी की भावना पैदा हुई। हमने स्थानीय अधिकारियों और स्वयंसेवकों के साथ मिलकर नियमित रूप से पौधों को पानी देने और उनकी वृद्धि की निगरानी कर-के रोपण के बाद की देखभाल सुनिश्चित की। वृक्षारोपण अभियान पहले से ही क्षेत्र में एक दृश्य अंतर बनाना शुरू कर दिया है, हरियाली धीरे-धीरे जड़ें जमा रही है। इस पहल ने न केवल पर्यावरण बहाली में योगदान दिया बल्कि दूसरों को भी इसी तरह की कार्रवाइयां करने के लिए प्रेरित किया। आइए मिलकर प्रकृति का पालन-पोषण करें और एक स्थायी कल के लिए मार्ग प्रशस्त करें!

# धूमधाम से मना नववर्ष 2025 का जश्न, विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए लोगों की उमड़ी भीड़।

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)



**बगहा।** बगहा अनुमंडल के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नववर्ष 2025 का हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया गया। नववर्ष के एक दिन पूर्व रात में जगह-जगह लोगों ने सामूहिक आयोजन के अलावा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम किए।बगहा नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मुख्यालय स्थित बजरंगबली मंदिर,शिव मंदिर सहित अन्य जगहों पर भजन कीर्तन का आयोजन किया गया है। विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ रही।नववर्ष के पहले दिन बगहा नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के तमाम मंदिरों में पूजा अर्चना को लेकर सुबह से लोगों की भीड़ रही।पूजा अर्चना समाप्ति के पश्चात बड़ों का आशीर्वाद लेते दिखे और एक दूसरे नववर्ष की हार्दिक शुभकामनायें दिए साथ ही लोगों ने मोबाइल से अपने पहचान वाले को लोगों को नववर्ष की बधाई दी। नव वर्ष का केक काटकर खुशी मनाई तथा रात में आतिशबाजी भी की। नववर्ष मनाने का सिलसिला दूसरे दिन भी चलता रहा।बगहा एवं वाल्मीकिनगर के विभिन्न दर्शनीय स्थल पिकनिक स्पॉटों पर बड़ी संख्या में लोग अपने परिवार व मित्रों के साथ नववर्ष का आनंद लेने पहुंचे रहें। क्षेत्र के लोगों ने बताया की नव वर्ष धूमधाम से मनाया गया है। लोगों ने बताया कि अलग-अलग पिकनिक स्पॉट और अन्य जगह या वाल्मिकीनगर जाकर नया साल मनाते हैं। वही ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े,छोटे बच्चों ने बनभोज कर धूमधाम से नया साल मनाया। इस दौरान बच्चों में उत्साह का माहौल देखा गया।

# नव वर्ष को देखते हुए जंगली सूअर का शिकार करने के लिए जा रहे दो बाइक सवार बम विस्फोट में हुए जख्मी

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)
**बेतिया।** नए साल पर जंगली सूअर का शिकार करने का मंसूबा पाले बाइक सवार दो लोगों को बम विस्फोट में घायल होने की सूचना मिली है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लौरिया थाना क्षेत्र के पकड़ी गांव से सहोदरा थाना क्षेत्र के वन बैरिया गांव के समीप जंगली सूअर का शिकार करने के लिए जा रहे बाइक सवार दो संदिग्ध व्यक्ति बम विस्फोट में बुरी तरह जख्मी हो गए है। घटना के बाद बाइक सवार दोनों खून से लथपत होकर भागने में सफल रहे। बम विस्फोट की घटना मठ मझरिया चौक के समीप शिव मंदिर के आसपास की बताई जा रही है। नाम नहीं छापने की शर्त पर घटना के मामले में प्रत्यक्षदर्शियो ने बताया की जख्मी दोनों व्यक्ति पांच बम लेकर बन बैरिया गांव के समीप जंगली सूअर का शिकार करने के लिए जा रहे थे। बाइक की सीट पर पीछे बैठा व्यक्ति झोला में बम रखकर, हाथ से लटकाए हुए था। गाड़ी चलाते वक्त जंपिंग को लेकर पांचो बम आपस में टकराकर विस्फोट हो गया। घटना के बाद बाइक सवार दोनों गंभीर रूप से जख्मी होकर खून से लथपथ हो गए। उनके शरीर से निकलते हुए खून रुकने का नाम नहीं ले रही थी। शरीर पर पहने हुए कपड़े फट चुके थे।बाइक सवार दोनों व्यक्ति अपना नाम रामनारायण मांझी व रामप्रवेश यादव बता रहे थे। गंभीर रूप से जख्मी होने व शरीर से ज्यादा खून निकलने के कारण स्थानीय लोगों ने दोनों को वहां से भागने को कहा। उसके बाद जख्मी दोनों अपनी बाइक पर सवार होकर वहां से फरार हो गए। नरकटियागंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जयप्रकाश प्रसाद सिंह से इस मामले में पूछने पर उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। अभी जानकारी मिली है। इस मामले में पुलिस छानबीन करेगी।

# आबकारी टीम ने मदिरा की दुकान में ओवररेटिंग बिक्री का मामला पकड़ा

■ **कालपी-उरई**

आबकारी निरीक्षक के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा कालपी नगर, जोल्हूपुर मोड़, दमरास तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित देशी, अंग्रेजी बियर तथा मदिरा की दुकानों में छापा मारकर चैकिंग अभियान चलाया गया। टीम के द्वारा ग्राम दमरास में एक मदिरा की दुकान में ओवररेटिंग में मदिरा बेचने का मामला पकड़ा गया। टीम के द्वारा ओवररेटिंग में शराब न बेचने के मामले में दुकानदार को नोटिस जारी कर विभागीय कार्यवाही की गई है।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर बीती शाम को आबकारी अधिकारी मुकेश प्रताप सिंह तथा आबकारी विभाग के कर्मचारियों ने कालपी नगर के मोहल्ला बाईपास, सब्जी मंडी, टरनंनगंज टॉकीज रोड, खोवा मंडी, जोल्हूपुर मोड़ के अलावा ग्राम दमरास आदि स्थानों में स्थित देसी तथा अंग्रेजी ,वियर आदि शराब की दुकानों में चेकिंग अभियान चलाया। दुकानों में शराब के स्टॉक का निरीक्षण तथा गणना करके रजिस्टर तथा अभिलेखों से मिलान किया। इस दौरान बोतलों तथा पैकेटों की सील की चैकिंग तथा टेस्ट किया गया। वहीं आबकारी अधिकारी मुकेश प्रताप सिंह ने लाइसेंस धारकों को हिदायत दी कि दुकानों में रेट लिस्ट का साइन बोर्ड में मोबाइल नम्बरो को जरूर अंकित करें। उन्होंने बताया कि लाइसेंस की शर्तो तथा विभागीय नियमों के तहत शराब की बिक्री करें। दुकानों में शराब की गोपनीय तरीके से खरीददारी तथा टेस्ट परचेसिंग भी कराई गई । ग्राम दमरास की दुकान में एक मामला ओवररेटिंग का पकड़ा गया उन्होंने चेतावनी दी कि ओवर रेटिंग में बिक्री करने गड़बड़ी करने पर कठोर विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि ओवररेटिंग बिक्री करने वाले दमरास गांव के लाइसेंस धारक दुकानदार को नोटिस जारी कर आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी गई है।विभागीय अधिकारियों की चैकिंग अभियान से कई कारोबारियों में खलबली मच गयी। आबकारी निरीक्षक मुकेश प्रताप सिंह ने अवगत कराया कि टीम द्वारा तहसील अंतर्गत देसी मदिरा,विदेशी मदिरा एवम बीयर दुकानों का गहनता से निरीक्षण किया जायेगा। अगर किसी प्रकार की कोई अनियमित न पाई जाती है तो दोषी के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि चैकिंग अभियान निरंतर चलाया जाएगा।

## भ्रमण कर सुरक्षा-व्यवस्था व अभ्यर्थियों के अभिलेखों का लिया जायजा

**उरई।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक के साथ पुलिस लाइन उरई में आयोजित उ0प्र0 पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा-2023 के अभ्यर्थियों के अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण (डीवी/पीएसटी) को सकुशल संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत भ्रमण कर सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

# ग्राम रवा में मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

## जरूरतमंदों को तहसील की ओर से दिए गए कंबल

■ **कोंच**




तहसील क्षेत्र के ग्राम रवा स्थित डीपीएन पब्लिक स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिताओं और मेधावी विद्यार्थियों को एडीएम संजय कुमार ने पुरस्कार वितरित कर कहा कि कोई भी कार्य करो, पूरी लगन और मेहनत के साथ करो। जब पढ़ाई करो तो जमकर करो और खेलकूद भी जमकर करो।उन्होने कहा पढ़ाई के साथ साथ खेल भी जरूरी है क्योंकि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क विकसित होता है। उन्होंने बच्चों की हौसला-अफजाई करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। आप लोग इतना विकास करें कि दूसरों को आपसे जलन हो और वे भी आपकी बराबरी करने पर विचार करें।

डीपीएन पब्लिक स्कूल रवा में कार्यक्रम आयोजन एम एलसी रमा आरपी निरंजन, एडीएम संजय कुमार, भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सूर्य नायक, उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह, तहसीलदार जितेंद्र सिंह पटेल, एमएलसी प्रतिनिधि आरपी निरंजन आदि के आतिथ्य में आयोजित किया गया जिसमें विद्यालय के करीब दो सैकड़ा से अधिक विद्यार्थियों को खेलकूद प्रतियोगिताओं के सफल प्रतिभागियों के अलावा शैक्षिक गतिविधियों में उल्लेखनीय करने के लिए अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के संरक्षक आरपी निरंजन ने कहा, तीन वर्ष की अल्प अवधि में स्कूल प्रबंधन और शिक्षक वर्ग ने जबरदस्त तरक्की की है और इस सुदूरवर्ती इलाके में बच्चों को शैक्षणिक और शिक्षणेत्तर गतिविधियों में पारंगत किया है जिसके लिए विद्यालय स्टाफ साधुवाद का पात्र है। एसडीएम और एमएलसी ने भी बच्चों को अपनी शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष त्रिपाठी ने किया। वही मंच के माध्यम से ग्राम रवा भेंड़ और खोआ के तीस जरूरतमंदों को तहसील की ओर से सरकारी कंबल भी प्रदान किए गए। इस दौरान प्रधान रवा मुलायम सिंह, प्रधानाचार्य अर्पित त्रिपाठी, अभिषेक पुरोहित, आकाश पटेल, लेखपाल प्रेमकिशोर निरंजन, राजीव सिंह, मिस्टर पटेल धनौरा, जसवीर कुशवाहा, राकेश कुशवाहा, दिलीप पाठक, रंजीत सिंह, नंदकिशोर, सपना शर्मा, दीपांशु राठौर, प्रदीप निरंजन, कवि शिवहरे, रामाधार प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# कस्तूरबा विद्यालय की बालिकाओं को एंटी रोमियो टीम ने किया जागरुक

■ **कोंच**



कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में छात्राओं को एंटी रोमियो टीम ने जागरुक किया।कार्यक्रम में छात्राओं के बीच महिला सिपाही पूजा और कुमकुम ने कहा कि शासन द्वारा महिला हिंसा को रोकने और सुरक्षा हेतु कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। किसी भी समय कहीं पर भी अगर कोई असामाजिक तत्व परेशान करता है तो चुप न रहें बल्कि हेल्पलाइन नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज करायें ताकि उस व्यक्ति को उसके द्वारा किए गए अपराध की सजा उसे दिलाई जा सके। उन्होंने कहा कि शिकायत दर्ज कराने वाली महिला, युवती अथवा किशोरी का नाम और पहचान गुप्त रखी जाती है इसलिए डरने की कोई जरूरत नहीं है। बालिकाएं पढ़ लिख कर विविध क्षेत्रों में योग्यता के साथ आगे बढ़ रहीं हैं इसलिए बगैर डरे और बगैर रुके अपनी पढाई पूरी करें। उन्होंने शिक्षा के स्तर को परखने के लिए छात्राओं से सवाल जबाब भी किए। महिला सिपाहियों ने छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य 1सेवा नंबर 102, एंबुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 के बारे में विस्तृत जानकारी दी। छात्राओं को मिशन शक्ति से जुड़े जागरुकता पत्रक भी बांटे गये। विद्यालय की वार्डन वंदना वर्मा ने आभार व्यक्त किया।

# खदान में विवाद करने पर पट्टेधारक सहित 3 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

■ **कालपी-उरई**

यमुना नदी के किनारे तरीबुल्दा बालू खदान में विवाद को लेकर साझेदार द्वारा पट्टेधारक सहित 3 नामजद लोगो के खिलाफ कालपी कोतवाली में मारपीट, धोखाधड़ी व धन हड़पने को लेकर मुकदमा दर्ज कराया गया है।

उक्त प्रकरण को लेकर वादी विकास पांडेय पुत्र ओमप्रकाश पांडेय निवासी नोएडा गौतमबुद्ध नगर ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि तरीबुल्दा बालू खदान के पट्टेधारक आरोपियों आसिफ इकबाल निवासी लखनऊ, मोहम्मद जावेद तथा रविंद्र सिंह तथा अज्ञात लोगों ने छल पूर्वक5 लाख रुपये धन ले लिया तथा झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी दी हैं। आरोपियों ने छल पूर्वक खनन नियमावली के विरुद्ध बिक्री का अधिकार प्राप्त किया। आरोपीगण 24-10-24 को खदान में पहुँचे तथा स्टॉफ को जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने सुंसगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। उक्त प्रकरण की विवेचना उपनिरीक्षक रमाकांत के द्वारा की जा रही हैं।

# आवारा सांड दो लोगों को कर चुका घायल, ग्रामीणों ने एसडीएम से की शिकायत

**जालौन-उरई।** गांव में आवारा सांड दो लोगों को घायल कर चुका है। जिसके चलते ग्रामीण परेशान हैं। परेशान ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर आवारा सांड को पकड़वाकर गोशाला भिजवाने की मांग की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम सींगपुरा निवासी एडवोकेट मानसिंह पाल, अतुल आदि ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके गांव में एक आवारा सांड है। यह सांड पिछले कुछ समय से उत्तेजित होने लगा है। इसी के चक्क र में वह गांव के दो लोगों को सींग मारकर घायल कर चुका है। सांड के गांव में घूमने से अब ग्रामीणों में डर पनपने लगा है। इतना ही नहीं लोग अपने बच्चों को घर के बाहर भेजने से भी कतराने लगे हैं। उधर, कुठौंदा बुजुर्ग गांव में भी ग्रामीण गांव में घूमने वाले आवारा जानवरों व सांड से परेशान हैं। सुबह से ही आवारा पशु लोगों को परेशान करना शुरू कर देते हैं। पशुओं को भगाने में ही काफी समय खर्च हो जाता है। जिसके चलते लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों को पशुओं से घायल होने का भी डर बना रहता है। ग्रामीण गजेंद्र सिंह सेंगर, राहुल आदि ने गांव में घूमने वाले आवारा पशुओं को पकड़कर गोशाला पहुंचाने की मांग की है।

# प्राइवेट बिजली कर्मचारियों द्वारा मनमाने ढंग से कराई जा रहीं चेकिंग, आमजन से करते है अभद्रता

**जालौन-उरई।** मोंहल्ले में प्राइवेट बिजली कर्मचारियों द्वारा मनमाने ढंग से चेकिंग करने और कारण पूछने पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए मोहल्ले के लोगों ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर प्राइवेट कर्मचारियों की जांच कराने एवं अभद्रता से रोके जाने की मांग की। नगर क्षेत्र के मोहल्ला कछोरन निवासी बृजेश, धर्मपाल, संदीप, चंदन सिंह, पवन यादव, श्यामबाबू, चंद्रपाल, रमेशचंद्र, मानवेंद्र आदि ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि उनके मोहल्ले में कुछ प्राइवेट लोग स्वयं को बिजली विभाग का कर्मचारी बताकर लोगों को परेशान कर रहे हैं। मनमाने ढंग से चेकिंग के नाम लोगों को धमकाते हैं। शनिवार को उन लोगों के यहां चार पांच लोग आए। जब उनसे आने का कारण पूछा तो कारण न बताकर चेकिंग की बात कहकर लोगों को धमकाने लगे। जब उन्होंने इस तरह से बात करने से मना किया। तो थाने ले जाने की धमकी दी। जब जेई को बताया तो उन्होंने भी आकर बिजली संयोजन काटने की धमकी दी गई। पीड़ित मोहल्ले के लोगों ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर प्राइवेट कर्मचारियों की जांच कराने और चेकिंग के नाम पर उपभोक्ताओं को परेशान न किए जाने की मांग की है।

# सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों का हुआ विदाई समारोह



■ **कोंच**




सरकारी सेवा से रिटायर्ड हुए कर्मचारियों को विदाई दी गयी।तहसील मे उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह की अध्यक्षता में विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमे सेवानिवृत्त हुए लेखपाल चंद्रशेखर शर्मा और संग्रह अनुसेवक मुन्ना खां को विदाई दी गयी। इस मौके पर प्रभारी तहसीलदार जितेंद्र सिंह पटेल, अंकुर, दिलीप, विजय शंकर, अखिलेश, धीरज, संजना, योगेश सोनी आदि उपस्थित रहे।वही कोतवाली में सेवानिवृत्त हुए होमगार्ड देव सिंह को विदाई देने के लिए कोतवाली में साथी कर्मियों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया।प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय की अध्यक्षता मे आयोजित विदाई समारोह में उपस्थित सभी ने अपने साथी का तिलक और माल्यार्पण कर विदा किया। इस मौके पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक अभिलाष मिश्रा सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजनों सहित साथी कर्मी मौजूद रहे। माल्यार्पण किया इस मौके पर सेवानिवृत्त कर्मियों को ढोल नगाड़ों के बीच सम्मानित कर स्मृति चिन्ह भेंट किए और उनकी कार्यप्रणाली की सराहना की। साथी कर्मियों ने भी

# सर्राफा व्यवसायी ग्राहकों को पक्का बिल न देकर जमकर कर रहे जीएसटी चोरी

**जालौन-उरई ।** सरकार लगातार जीएसटी चोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इसके बाद भी नगर में बड़े सर्राफा व्यवसायी ग्राहकों को पक्का बिल नहीं दे रहे हैं और जीएसटी की जमकर चोरी कर रहे हैं।

जीएसटी की चोरी रोकने के लिए जिला स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक अभियान चलाया जाता है। इसके बाद भी विभाग अधिकारी जीएसटी की चोरी रोकने के नगर सर्राफा व्यवसायियों के चेकिंग नहीं करते हैं। दीपावली के पर्व पर चेकिंग की गई थी और जुर्माना भी लगाया गया था। इसके बाद कुछ दिनों तक इस चेकिंग का असर दिखा था। समय बीतने के साथ असर बेअसर हो गया। नगर के छोटे से लेकर नामचीन सर्राफा व्यवसायी हर ग्राहक को सोने चांदी के आभूषण खरीदने पर पक्का बिल नहीं देते हैं। ग्राहकों के मांगने पर सादा कागज में लिखकर पकड़ा देते हैं। सर्राफा व्यवसायियों द्वारा आभूषणों के पक्के बिल न बनाने के उनके द्वारा की जा रही है बिक्री का सही अनुमान लगा पाना मुश्किल है। सोने चांदी के विक्रेताओं द्वारा पक्के बिल न देना झगड़े का कारण बनता है। पक्के बिल के अभाव में सोने की शुद्धता को लेकर विवाद होता रहता है। समाजसेवी दीपक राजावत, गोपाल शरण मिश्रा, बटुकनाथ शुक्ला, अमित सैनी, राजकुमार शर्मा ने जिलाधिकारी से मांग की है कि सर्राफा व्यवसायियों के सोने चांदी की प्रत्येक बिक्री का बिल देना अनिवार्य कराया जाये तथा गोपनीय जांच कराकर बिल न देने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाये।

# बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे पर अनियंत्रित ट्रक आगे जा रहे ट्रक से टकराया, चालक की मौत, हेल्पर घायल

**जालौन-उरई।** बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे पर छिरिया सलेमपुर के पास बालू लेने जा रहे ट्रक ने अज्ञात वाहन में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के कारण चालक की मौत हो गयी जबकि परिचालक को हल्की चोट आयी है।

जनपद आगरा थाना किरावली के ग्राम सिगार निवासी जितेन्द्र कुमार 25 वर्ष पुत्र भूरी सिंह ट्रक चालक फतेहपुर सिकरी से ट्रक लेकर बालू लेने चकासी जा रहे थे। चालक के परिचालक सोनू पुत्र चोब सिंह निवासी तेहवा रावत जनपद फतेहपुर सीकरी जा रहे थे। मंगलवार को अपरान्ह बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे के 200.1 किमी के पास आगे जा रहे अज्ञात वाहन में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ट्रक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर लगने के बाद चालक जितेन्द्र कुमार गम्भीर रूप घायल हो गये जबकि परिचालक सोनू को मामूली चोटें आयी। घटना की सूचना मिलते ही मलकपुरा चौकी प्रभारी मदनपाल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गये तथा घायल चालक को एम्बुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। चिकित्सक ने चालक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सड़क दुर्घटना में मृत हुए चालक के परिवार व ट्रक मालिक मुन्ना को घटना की जानकारी दे दी तथा विधिक कार्यवाही पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## सार समाचार

### इजराइल में फिलीस्तीनियों की जगह भारतीयों को नौकरी



**तेलअवीव।** हमास की ओर से पिछले साल फलस्तीनी निर्माण श्रमिकों के इजराइल में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के बाद इजराइल ने 16 हजार भारतीय निर्माण श्रमिकों को काम दिया है। इजराइल सरकार फलस्तीनी निर्माण श्रमिकों पर रोक के बाद खाली हुई जगह भरने के लिए भारतीय कामगारों को तरजीह दे रही है। रिपोर्ट के मुताबिक इस साल करीब 16,000 भारतीय श्रमिक इजराइल पहुंचे हैं। बेरोजगारी के चलते अच्छे वेतन की लालच में भारतीय इजराइल जा रहे हैं।

### सीमा के पास पाक चेक पोस्ट पर कब्जे का दावा



**काबुल।** तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने अफगानिस्तान सीमा के पास एक पाकिस्तानी चेक पोस्ट पर कब्जा करने का एक वीडियो जारी किया है। टीटीपी के सूत्रों का दावा है कि उन्होंने सोमवार को पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी आदिवासी जिले बाजौर में स्थित इस चेक पोस्ट पर कब्जा कर लिया।

### नए वर्ष पर किम जोंग ने पुतिन को लिखा पत्र



**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को पत्र लिखकर दोनों देश की रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने का संकल्प लिया। पत्र में किम ने पुतिन और सभी रूसियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। साथ ही द्विपक्षीय संबंधों को और आगे बढ़ाने की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं ने नई परियोजनाओं के माध्यम से इस वर्ष साझेदारी को नई ऊंचाई दी है। किम ने कहा कि नववर्ष 2025 को 21वीं सदी में विजय के प्रथम वर्ष के रूप में दर्ज किया जाएगा, जब रूसी सेना और लोग नव-नाजीवाद को पराजित करेंगे और विजय प्राप्त करेंगे।

### सांसद रानिल जयवर्धने को मिलेगा नाइटहुड सम्मान



**लंदन।** ब्रिटेन में नए साल के मौके पर ब्रिटिश सम्राट किंग चार्ल्स तृतीय देश और समाज के उत्थान के काम करने वाले गुमनाम नायकों को प्रतिष्ठित सम्मान देंगे। नववर्ष सम्मान सूची में 30 से अधिक भारतवंशी शख्सियतों के नाम शामिल हैं। इस साल किंग चार्ल्स तृतीय श्रीलंका और भारतीय मूल के कंजर्वेटिव सांसद रानिल मैल्कम जयवर्धने को राजनीतिक और सार्वजनिक सेवा के लिए प्रतिष्ठित नाइटहुड सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

### तूफान में मृतकों की संख्या बढ़कर चार हुई



**वॉशिंगटन।** दक्षिणी अमेरिका में सप्ताहांत में आए शक्तिशाली तूफान के कारण मृतक संख्या दो से बढ़कर चार हो गई। टेक्सास, लुइसियाना, मिसिसिपी, अलबामा और जॉर्जिया में तूफान से होने वाली क्षति की कम से कम 45 रिपोर्ट हैं। छुट्टियों के व्यस्त समय में आए तूफान से कुछ सड़कों पर हालात बिगड़ गए और कुछ सबसे व्यस्त अमेरिकी हवाई अड्डों पर उड़ानों में देरी या उड़ानों को रद्द करना पड़ा।

## ऑस्ट्रेलिया के ओपेरा हाउस में आतिशबाजी



ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में ओपेरा हाउस में आतिशबाजी के साथ नववर्ष 2025 के आगमन का जश्न मनाया गया।

### बढ़ती गैंगवार और अपराधों से सरकार परेशान

## कैरेबियाई देश त्रिनिदाद एंड टोबैगो में आपातकाल लागू

एजेंसी, पोर्ट ऑफ स्पेन



कैरेबियाई देश त्रिनिदाद एंड टोबैगो की सरकार ने देश में आपातकाल लागू कर दिया है। त्रिनिदाद एंड टोबैगो की सरकार ने यह कदम देश में बढ़ती हत्या की घटनाओं और अपराधों के चलते लिया है। इस साल कैरेबियाई देश में हत्या की कई घटनाएं हुईं और इस मामले में बीते कई वर्षों का रिकॉर्ड टूट गया। हालांकि आपातकाल के दौरान कर्फ्यू नहीं रहेगा। सोमवार को त्रिनिदाद एंड टोबैगो के प्रधानमंत्री कीथ राउले ने आपात शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए देश में आपातकाल लागू करने का आदेश दिया। इसके तहत पुलिस को कई अधिकार मिल जाएंगे, जिनमें पुलिस लोगों को घरों की बिना वारंट तलाशी ले सकेगी और संदिग्धों को 48 घंटे तक हिरासत में रख सकेगी। सरकार ने देश में बढ़ रहीं हिंसक घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से यह फैसला किया है। बीते सप्ताह ही गोलीबारी की घटनाओं में कई लोगों की जान गई। साल 2024 में त्रिनिदाद एंड टोबैगो में 623 लोगों की हत्याएं हुईं, जो साल 2013 के बाद हत्याओं का उच्चतम स्तर है। करीब 15 लाख की आबादी वाले त्रिनिदाद एंड टोबैगो में जमैका और हैती के बाद सबसे ज्यादा हत्या दर है। साथ ही इस क्षेत्र में हिंसा के चलते होने वाली मौतों का आंकड़ा वैश्विक स्तर के औसत से तीन गुना ज्यादा है। पुलिस को आशंका है कि खतरनाक हथियारों के साथ गैंग आधारित हिंसा की घटनाएं बढ़ सकती हैं। दिसंबर में ही 61 हत्या की घटनाएं हुईं। बीते शनिवार को भी एक पुलिस स्टेशन के बाहर हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई। इससे एक दिन पहले भी एक अन्य घटना में पांच की मौत हो गई थी।

### नए साल से ठीक पहले रूस ने यूक्रेन को दिखाई अकड़

# कीव समेत कई क्षेत्रों पर रूस ने मिसाइल और ड्रोन हमले किए

एजेंसी, कीव

रूस ने मंगलवार को यूक्रेन की राजधानी कीव समेत कई क्षेत्रों को निशाना बनाते हुए मिसाइल और ड्रोन हमले किए। यूक्रेन की वायु सेना ने तड़के तीन बजे बैलिस्टिक मिसाइल के खतरे की सूचना दी, जिसके कुछ ही मिनटों बाद कीव में कम से कम दो धमाके सुने गए। सुबह आठ बजे एक और मिसाइल अलर्ट जारी किया गया, जिसके बाद शहर में कम से कम एक विस्फोट हुआ। स्थानीय प्रशासन ने कहा कि मिसाइल का मलबा राजधानी के डार्नित्स्की जिले में गिरा, लेकिन किसी के हताहत होने या नुकसान की कोई खबर नहीं है।

**बिजली की आपूर्ति बाधित:** पूर्वोत्तर में सूमी क्षेत्र के अधिकारियों ने शोस्तका शहर के पास हमलों की सूचना दी। सूमी के मेयर मायकोला नोहा ने कहा कि 12 आवासीय इमारतों के साथ-साथ दो शैक्षणिक परिसरों को भी नुकसान पहुंचा है।



वायु सेना ने यूक्रेन के कई अन्य क्षेत्रों को निशाना बनाकर मिसाइलों और ड्रोन से हमला किए जाने की भी सूचना दी है। युद्ध के दौरान यूक्रेन का लगभग आधा ऊर्जा बुनियादी ढांचा नष्ट हो गया है और बड़े पैमाने पर बिजली की आपूर्ति बाधित हुई है। यूक्रेन के पश्चिमी सहयोगियों ने उसे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के लिए वायु रक्षा प्रणाली प्रदान की है। लेकिन, रूस ने बड़ी संख्या में मिसाइलों और ड्रोन के साथ संयुक्त हमलों के जरिए उसकी वायु रक्षा को तबाह करने की कोशिश की है।

#### रूस ने मार गिराए यूक्रेनी ड्रोन

रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने मंगलवार की सुबह कई क्षेत्रों में 68 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया। पश्चिमी रूस में स्मोलेंस्क क्षेत्र के प्रमुख वसीली अनोखिन ने कहा कि ड्रोन के टुकड़े एक तेल डिपो के क्षेत्र में गिरे, जिससे आग लग गई।

#### अमेरिका दे रहा है हथियार

इस बीच, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने घोषणा की है कि उनका देश यूक्रेन को लगभग 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर के अतिरिक्त हथियार भेजेगा। बाइडेन ने कहा कि उनका प्रशासन डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति पद का प्रभार ग्रहण करने से पहले यूक्रेन को रूस से लड़ने में मदद करने के लिए अपने पास उपलब्ध धन को खर्च करने के लिए तेजी से काम कर रहा है।

### 189 यूक्रेनी कैदियों को किया रिहा

## रूस-यूक्रेन के बीच कैदियों की अदला बदली, सैकड़ों सैनिक किए गए रिहा

एजेंसी, मॉस्को



रूस और यूक्रेन ने युद्धबंदियों की अदला-बदली की है जिसमें सैकड़ों कैदियों को रिहा किया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कैदियों की अदला-बदली का यह समझौता संयुक्त अरब अमीरात की मदद से किया गया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की ने कहा कि कैदियों की अदला-बदली में सैन्यकर्मी, सीमा रक्षक और राष्ट्रीय रक्षक तथा दो नागरिकों सहित कुल 189 यूक्रेनी कैदियों को रिहा किया गया है। उन्होंने अदला-बदली में मदद के लिए यूएई को धन्यवाद दिया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इस अदला-बदली के तहत 150 रूसी सैनिकों को कैद से मुक्त किया गया। प्रत्येक पक्ष ने 150 लोगों को रिहा किया, हालांकि संख्या में अंतर का कारण तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया। ज़ेलेंस्की ने एक बयान में कहा, ''हम सभी को रूसी कैद से मुक्त कराने के लिए काम कर रहे हैं। हम किसी को नहीं भूलते।'' उन्होंने बस में बैठे यूक्रेनी सैनिकों की तस्वीरें पोस्ट कीं, जिनमें से कुछ ने देश के नीले और पीले रंग के झंडे पकड़े हुए थे। ज़ेलेंस्की ने कहा कि रूसी कैद से मुक्त हुए लोगों में ओडेसा के काला सागर बंदरगाह के पास स्नेक द्वीप के रक्षक शामिल थे, जिस पर रूस ने अपने आक्रमण के शुरुआती दिनों में कब्ज़ा कर लिया था। साथ ही इनमें वे सैनिक भी शामिल थे जिन्होंने मारियुपोल शहर की रक्षा की थी।

#### रूसी कैद से हमारे लोगों की वापसी बहुत अच्छी खबर: ज़ेलेंस्की

मारियुपोल शहर पर लगभग तीन महीने की घेराबंदी के बाद युद्ध के आरंभ में मास्को की सेना ने कब्ज़ा कर लिया था। ज़ेलेंस्की ने कहा, ''रूसी कैद से हमारे लोगों की वापसी हम सभी के लिए हमेशा बहुत अच्छी खबर होती है। आज हमारी टीम 189 यूक्रेनी लोगों को घर वापस लाने में कामयाब रही।'' मॉस्को में, रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रूसी सैनिकों को पहले रूस के पड़ोसी और सहयोगी बेलारूस के क्षेत्र में ले जाया गया, जहाँ उन्हें रूस जाने से पहले मनोवैज्ञानिक और चिकित्सा सहायता दी गयी। रूस और यूक्रेन ने लगभग तीन साल के युद्ध के दौरान दर्जनों बार इस प्रकार कैदियों का आदान-प्रदान किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने सोमवार को ही घोषणा की कि उनका देश यूक्रेन को लगभग 2 .5 अरब अमेरिकी डॉलर के अतिरिक्त हथियार भेजेगा। उन्होंने कहा कि उनका प्रशासन डोनाल्ड ट्रम्प के राष्ट्रपति पद का प्रभार ग्रहण करने से पहले कीव को रूस से लड़ने में मदद करने के लिए अपने पास उपलब्ध सारे धन को खर्च करने के लिए तेज़ी से काम कर रहा है।

### विमान बुखारेस्ट से ज्यूरिख के लिए उड़ान भर रहा था

## स्विस एयरलाइंस के विमान में भरा धुआं ऑस्ट्रिया में आपात लैंडिंग, एक की मौत

एजेंसी, म्यूनिख

बुखारेस्ट से ज्यूरिख जा रहे स्विस एयरलाइंस के विमान के अंदर धुआं भर गया। इसके चलते विमान की ऑस्ट्रिया में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। धुएं के चलते विमान के चालक दल के एक सदस्य की मौत हो गई। एयरलाइंस ने घटना की जांच शुरू करा दी है। साथ ही कर्मचारी की मौत पर दुख जताया है। एयरलाइंस के मुताबिक 23 दिसंबर को विमान एयरबस ए 220-300 जेट बुखारेस्ट से ज्यूरिख के लिए उड़ान भर रहा था। विमान में 74 यात्री और चालक दल के पांच सदस्य सवार थे।

**पायलट के सहयोगी की हुई मृत्यु:** अचानक विमान के इंजन में समस्या हुई और कॉकपिट व केबिन में धुआं भरने लगा। इस पर विमान की ऑस्ट्रिया के ग्राज में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इसके बाद चालक दल के एक सदस्य को हेलीकॉप्टर से ग्राज के एक अस्पताल ले जाया गया। यहां उसका इलाज किया गया। इसके अलावा चालक दल के एक अन्य सदस्य को अस्पताल में



भर्ती कराया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान चालक दल के एक सदस्य की मौत हो गई। इसके साथ ही विमान में सवार सभी यात्रियों की जांच की गई। स्विस एयरलाइंस ने कहा कि हमारे एक युवा सहयोगी की अस्पताल में मौत हो गई। इस नुकसान से हम सदमे और शोक में हैं। अपने प्रिय सहयोगी की मृत्यु से दुखी हैं। हमारी संवेदनाएं कर्मचारी के परिवार के साथ हैं। हालांकि एयरलाइंस ने यह भी कहा कि हम अपने कर्मचारी या मृत्यु के कारण के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं देंगे। एयरलाइंस के मुख्य परिचालन अधिकारी ओलिवर बुचहोफर ने ग्राज में इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान सुविधा के लिए एयरपोर्ट प्रबंधन को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए दुखद दिन है।

### पाक ने ऐतिहासिक 'पुंछ हाउस' में भगत सिंह गैलरी को खोला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की पंजाब सरकार ने ऐतिहासिक 'पुंछ हाउस' स्थित भगत सिंह गैलरी को पर्यटकों के लिए खोल दिया है, जहां करीब 93 साल पहले स्वतंत्रता सेनानी पर मुकदमा चलाया गया था। इस गैलरी में ऐतिहासिक दस्तावेज रखे गए हैं, जिनमें भगत सिंह की तस्वीरें, पत्र, समाचार पत्र, मुकदमे का विवरण और उनके जीवन तथा स्वतंत्रता संग्राम से संबंधित अन्य दस्तावेज शामिल हैं। पंजाब के मुख्य सचिव जाहिद अख्तर जमां ने सोमवार को गैलरी का उद्घाटन किया। जमां ने कहा, ''पंजाब सरकार के उद्योग, वाणिज्य और पर्यटन विभागों के बीच हुए समझौते के तहत पर्यटकों को गैलरी तक पहुंच मिलेगी।'' उन्होंने कहा कि 'पुंछ हाउस' की ऐतिहासिक इमारत को उसके मूल स्वरूप में बहाल कर दिया गया है। जमां ने कहा, ''गैलरी में भगत सिंह से जुड़े दस्तावेजों को प्रदर्शित किया गया है।

### सोशल मीडिया एप टिकटॉक की बढ़ रही मुश्किलें

## तीन किशोरों की मौत के बाद वेनेजुएला ने टिकटॉक पर लगाया एक करोड़ डॉलर का जुर्माना

एजेंसी, वेनेजुएला

सोशल मीडिया एप टिकटॉक की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं। भारत समेत दुनिया के कई देश इस एप को प्रतिबंधित कर चुके हैं और अमेरिका में भी इस पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी है। अब दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला ने भी टिकटॉक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। दरअसल वेनेजुएला की सर्वोच्च अदालत ने टिकटॉक पर एक करोड़ डॉलर का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना टिकटॉक पर चल रहे एक ऑनलाइन चैलेंज में तीन किशोरों की मौत के बाद लगाया गया है।

**एप ने खतरनाक कंटेंट के प्रति लापरवाही बरती:** वेनेजुएला के सुप्रीम ट्रिब्यूनल ऑफ जस्टिस की जज तानिया डी एमेलियो ने कहा कि लोकप्रिय वीडियो शेयरिंग एप टिकटॉक द्वारा खतरनाक कंटेंट को रोकने के लिए




पर्याप्त और जरूरी कदम नहीं उठाए हैं और इसमें लापरवाही बरती। दरअसल हाल के दिनों में वेनेजुएला में टिकटॉक पर चल रहे ऑनलाइन चैलेंज को पूरा करने के दौरान तीन किशोरों की रसायनिक पदार्थ के नशे के चलते मौत हो गई है। टिकटॉक का स्वामित्व चीन की कंपनी बाइटडांस के पास है। वेनेजुएला की अदालत ने बाइटडांस को वेनेजुएला में एक कार्यालय खोलने और जुर्माना भरने के लिए आठ दिन का समय दिया है।

#### नुकसान की भरपाई की जाएगी

अदालत ने कहा कि जुर्माने में मिली राशि से एक कोष बनाया जाएगा, जिससे टिकटॉक के यूजर्स को होने वाले मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक और शारीरिक नुकसान की भरपाई की जाएगी। बाइटडांस ने अदालत को बताया कि वह 'मामले की गंभीरता को समझती है।' वेनेजुएला के अधिकारियों के अनुसार, सोशल मीडिया चैलेंज के चलते रासायनिक पदार्थों के सेवन के बाद देश भर के स्कूलों में तीन किशोरों की मौत हो गई और 200 नशे में पाए गए।

### रिपोर्ट — लगभग 37 लाख बच्चे नहीं जा रहे स्कूल

# सीरिया में आधे से अधिक बच्चे शिक्षा से वंचित

एजेंसी, दमिश्क

सीरिया में स्कूल जाने की उम्र के लगभग आधे बच्चे 14 साल से चल रहे गृह युद्ध के कारण शिक्षा से वंचित हैं। सेव द चिल्ड्रन की रिपोर्ट में ऐसा दावा किया गया है। संस्था ने इसके लिए तत्काल कदम उठाने का आह्वान किया है। संस्था का कहना है कि सीरिया के अधिकांश बच्चों को भोजन सहित तत्काल मानवीय सहायता की आवश्यकता है। उनमें से कम से कम आधे को युद्ध के कारण हुए आघात से उबरने के लिए मनोवैज्ञानिक सहायता की आवश्यकता है। संस्था के सीरिया निदेशक राशा मुहरेज ने राजधानी दमिश्क में एक साक्षात्कार दिया। जिसमें उन्होंने बताया कि सीरिया में लगभग 3.7



मिलियन बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं, और उन्हें स्कूल में वापस लाने के लिए तुरंत कदम उठाने की जरूरत है।

**सीरिया में सात लाख से अधिक लोग नए विस्थापित हुए:** उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक से सीरियाई लोगों ने संघर्ष झेला है। हाल ही में राष्ट्रपति बशर अल-असद के खिलाफ विद्रोह के कारण और अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र ने 700,000 से अधिक लोगों के नए विस्थापित होने की जानकारी दी है। मुहरेज ने बताया कि विस्थापित लोगों की नई लहर के कारण कुछ स्कूलों को फिर से आश्रय के रूप में इस्तेमाल किया गया था। उन्होंने कहा कि लगभग 7.5 मिलियन बच्चों को तत्काल मानवीय सहायता की जरूरत है। बता दें कि 2011 में सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों पर राष्ट्रपति बशर अल-असद द्वारा क्रूर कार्रवाई किए जाने के बाद से सीरिया में गृह युद्ध शुरू हो गया। जिसके चलते सीरिया की अर्थव्यवस्था और सार्वजनिक बुनियादी ढांचा तबाह हो गया। युद्ध के चलते पांच लाख से अधिक लोग मारे गए और लाखों लोग विस्थापित हो गए। जिसके चलते बच्चे भी असुरक्षित हो गए।

#### बच्चों को स्कूल वापस लाने की जरूरत

मुहरेज ने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि बच्चे स्कूलों में वापस आ सकें। इसके अलावा, उनके लिए स्वास्थ्य और भोजन जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों और वह सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा कि गृह युद्ध के साथ-साथ प्राकृतिक आपदाओं और आर्थिक संकटों के कारण भी बच्चे शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, सुरक्षा, आश्रय सहित अपने बुनियादी अधिकारों से वंचित हुए हैं। मुहरेज ने कहा कि युद्ध के दौरान बड़े हुए कई बच्चे हिंसा से सदमे में हैं। इसका उन पर बड़ा प्रभाव पड़ा है। किसी ने अपने माता-पिता, तो किसी ने अपने भाई-बहन और दोस्त व घर को खोया है। सेव द चिल्ड्रन के अनुसार, लगभग 6.4 मिलियन बच्चों को सदमे से बाहर लाने के लिए तत्काल मनोवैज्ञानित सहायता की आवश्यकता है।

### वर्कस्टेशनों से की छेड़छाड़

## चीनी साइबर हमले में अमेरिकी ट्रेजरी को बनाया निशाना

एजेंसी, न्यूयॉर्क

विश्व विख्यात चीन का चालबाजी खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। जहां एक बार फिर चीन का अमेरिका पर एक बड़े साइबर हमले में की खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि चीनी राज्य द्वारा समर्थित हैकर समूह ने अमेरिकी ट्रेजरी विभाग के वर्कस्टेशन और अवर्गीकृत दस्तावेजों तक पहुंच प्राप्त की है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने इस बारे में कांग्रेस को सूचित किया। अमेरिकी ट्रेजरी के एक अधिकारी ने बताया कि एक उन्नत स्थायी खतरा (एपीटी) अभिनेता, जो कि चीनी राज्य से जुड़ा हुआ था, ने एक चोरी की गई कुंजी का उपयोग कर कुछ ट्रेजरी वर्कस्टेशनों तक दूरस्थ रूप से पहुँच बनाई।

#### विभाग की प्रणालियों की जानकारी

इस घटना के बाद, ट्रेजरी विभाग ने बताया कि प्रभावित सेवा को ऑफलाइन कर दिया गया है और कानून प्रवर्तन के साथ मिलकर कार्रवाई की जा रही है। हालांकि, ट्रेजरी ने यह भी कहा कि फिलहाल कोई सबूत नहीं है जो यह दिखाता हो कि हैकर्स ने ट्रेजरी विभाग की प्रणालियों या जानकारी को अब भी एक्सेस किया है। यह हमला एक तृतीय-पक्ष सॉफ़्टवेयर सेवा प्रदाता, बियॉन्डट्रस्ट के माध्यम से हुआ था, जो ट्रेजरी विभाग को तकनीकी सहायता प्रदान करता है।

संपादकीय

# मणिपुर पर माफी

**मणिपुर** के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने डेढ़ साल से जारी जातिय हिंसा पर माफी मांगी है। मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य के लोगों से पिछले साल तीन मई से लेकर आज तक जो कुछ भी हुआ है, उसके लिए माफी मांगता हूं। कई लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया। कई लोगों ने अपना घर छोड़ दिया। मुझे इसका दुख है। पिछले तीन-चार महीनों में शांति की स्थिति देखकर मुझे उम्मीद है कि 2025 में राज्य में सामान्य स्थिति बहाल हो जाएगी। डेढ़ साल से जारी हिंसा, सैकड़ों लोगों की मौत, हजारों लोगों को विस्थापन और हजारों घरों आगजनी के बाद मणिपुर के मुख्यमंत्री को अब माफी मांगने का ख्याल आया है। क्या माफी ही काफी है? इससे क्या पीड़ितों के जख्म भर जाएंगे? मुख्यमंत्री को इसका जवाब देना चाहिए आखिर क्यों मणिपुर डेढ़ साल से जल रहा है? मणिपुर में मैतेई समुदाय और कुकी समुदाय के बीच हिंसा पिछले साल तीन मई को उस समय शुरू हुई थी, जब मणिपुर उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ आदिवासी छात्रों संघ ने एक रैली आयोजित की थी, जिसमें मणिपुरी समुदाय को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल करने पर विचार करने का निर्देश दिया गया था। इसके बाद से राज्य में हिंसा का सिलसिला जारी है, और स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए केंद्र सरकार को अर्धसैनिक बलों को तैनात करना पड़ा। लगातार हिंसा के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मणिपुर जाना गवारा नहीं किया। न ही उन्होंने ऐसा कोई बयान दिया, जिससे पीड़ितों के जख्मों पर मरहम लग सके। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन के बयान पर कांग्रेस के जयराम रमेश का यह कहना सही लगता है कि पीएम मोदी पूरे देश और दुनिया की यात्रा करते रहते हैं, लेकिन वहां जाकर माफी क्यों नहीं मांग सकते? सवाल जायज है और प्रधानमंत्री को इसका जवाब देना चाहिए। जब किसान आंदोलन पर प्रधानमंत्री यह कह सकते हैं कि मेरी तपस्या में कुछ रह गई है, इसलिए सरकार तीनों कृषि कानून वापस लेती है। मणिपुर पर भी कुछ ऐसा ही बोल सकते हैं। क्या मणिपुर के लोग मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और प्रधानमंत्री को माफ कर सकेगी? क्या उनके जख्म भर सकेंगे? मणिपुर सरकार के साथ ही केंद्र सरकार को ऐसे प्रयास करने होंगे, जिससे मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जो खाई पैदा हो हो चुकी है, उसे भरा जा सके। सवाल यह है कि ध्रुवीकरण की राजनीति की आदी हो चुकी भारतीय जनता पार्टी क्या ऐसा करेगी?

**मणिपुर सरकार के साथ ही केंद्र सरकार को ऐसे प्रयास करने होंगे, जिससे मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जो खाई पैदा हो हो चुकी है, उसे भरा जा सके।**

पाठकवाणी

## सीमा पर दोहरी सतर्कता जरूरी

**बांग्लादेश** सरकार की पाकिस्तान से गलबहियां से उसकी नियत उजागर होती है। पाकिस्तान और बंगलादेश, दोनों की नीयत में खोट दिख रहा है। युनुस की अंतरिम सरकार भारत से टक्कर लेने पाकिस्तान के साथ जिस तेजी से मधुर संबंध बना रही है, वह भारत के लिए चिंता का विषय हैं। दोनों राष्ट्र प्रमुखों की मुलाकात के बाद मामला और अधिक संदिग्ध हो गया है, क्योंकि 1971 के विवाद सुलझाने की बात और बांग्लादेशी सेना को पाक सेना से ट्रेनिंग दिलाने की प्रक्रिया दाल में स्पष्ट काला प्रतीत होता है। बांग्लादेश में बिना जांच-पड़ताल पाकिस्तानी जहाज और नागरिकों का प्रवेश किसी षड्यंत्र की प्रस्तावना लगती है? इतिहास गवाह है कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई बांग्लादेश के जरिए भारत में आतंकवाद फैलाने के प्रोजेक्ट पर काम करती है। वैसे भी आईएसआई कई मोर्चों पर भारत को परेशान करती रहती है। आतंकवाद फैलाने का काम करती है। ऐसे हालात में भारत को दोहरी सतर्कता अपनी सीमा पर बरतनी पड़ेगी। पाक और बंगलादेश जैसे दो दुश्मन देशों से एक साथ निपटने में बड़े मनोयोग से काम करना होगा। अब चूंकि सीमावर्ती क्षेत्रों में एक नही दो दुश्मन देश सक्रिय हैं, ऐसे में सरकार को देश की सुरक्षा के लिए 'एक से भले नही बुरे दो' के मद्देनजर सख्त और जायज कदम उठाने चाहिए।

**-अमृतलाल मारू 'रवि'**, इंदौर मप्र

कुछ खास



क्या अमित शाह बाबासाहेब के खिलाफ गलत बोलने के लिए माफी नहीं मांग सकते थे? और अमित शाह के बचाव में कौन हैं? निशिकांत 'फजी डिग्री' दुबे अनुराग 'गोली मारो' ठाकुर मनोज 'बियर पीके नाचे बेबी' तिवारी इन्हें बाबासाहेब के सामाजिक न्याय से क्या वास्ता!

**-सुप्रिया श्रीनेत**, कांग्रेस प्रवक्ता

आज का ट्वीट



''राहुल गांधी से ज्यादा मोदी विदेश जाते हैं, तब बीजेपी वाले चुप्पी साध लेते हैं। भाजपाइयों में राहुल गांधी को लेकर इतना डर ही कि बिना उनके नाम के इनकी राजनीति नहीं चलती।''

**-उदित राज**

# केन बेतवा नदी जोड़ का गणित

सामयिक



**शाहीन सबा**

**नदी के सहज प्रवाह को बांधने से केन के घड़ियालों के पर्यावास पर इसका विपरीत प्रभाव होना तय है। यही नहीं जलवायु परिवर्तन की वैश्विक त्रासदी में नदी जोड़ के बड़े बांध खलनायक की भूमिका निभाएंगे। जंगल कटेंगे, बड़े जलाशय व नहरों के कारण नए दलदली क्षेत्र विकसित होंगे जो मीथेन उत्सर्जन का जरिया होते हैं।**

लगभग 44 साल लगे नदियों को जोड़ने की संकल्पना को मूर्त रूप देने के प्रारब्ध में। इसके लिए चुना गया देश का वह हिस्सा जो सदियों से उपेक्षित, पिछड़ा और प्यास-पलायन के कारण कुख्यात रहा। 44 हजार करोड़ से अधिक का व्यय और आठ साल का समय। एकबारगी लगता है कि किन्हीं दो बहती नदियों को बस जोड़ दिया जाएगा ताकि काम पानी वाली नदी भी सदा नीरा हो जाएगी। असल में हो यह रहा है कि छतरपुर और पन्ना जिले की सीमा पर दौधन में केन नदी पर 77 मीटर ऊंचा बांध बनाए जाएगा। इस बांध की जल एकत्र करने की क्षमता होगी 2,853 मिलियन क्यूबिक मीटर। योजना यह है कि यह एकत्र केन नदी के 'अतिरिक्त पानी' को दौधन बांध से 221 किलोमीटर लंबी लिंक नहर के माध्यम से बेतवा नदी में डाल दिया जाएगा। कुल मिल कर यह उस केन नदी के जल का बंटवारा है जो हर बरसात में उफनती तो है लेकिन साल में छह महीने इसमें घुटनों पानी भी नहीं रहता।

समझना होगा कि केन नदी में बाढ़ का कारण भी उसमें क्षमता से अधिक अतिरिक्त जल नहीं है। असल में वह बांदा में चिल्ला घाट पर जहां यमुना से मिलती है, उसका मुख नीचे है और यमुना का बहाव ऊपर। इस तरह यमुना में जब पानी अधिक होता है तो वह केन को पीछे धकेलता है और पलट के आने वाले पानी से कई गांव डूबते हैं। केन नदी जबलपुर के मुवार गांव से निकलती है। पन्ना की तरफ 40 किमी आ कर यह कैमूर पर्वतमालाओं के ढलान पर उत्तर दिशा में आती है। तिगरा के पास इसमें सोनार नदी मिलती है। पन्ना जिले के अमानगंज से 17 किमी दूर पंडवा नामक स्थान पर छह नदियों - मिठासन, बंधने, फलने, ब्यारमा आदि का मिलन केन में होता है और यहीं से केन का विस्तार हो जाता है।यहां से नदी छतरपुर जिले की पूर्वी सीमा को छूती हुई बहती है। आगे चल कर नदी का उत्तर बहाव विंध्य पर्वत श्रृंखलाओं के बीच संकुचित मार्ग में होता है। इस दौरान यह नदी 40 से 50 मीटर ऊंचाई के कई जल प्रपात निर्मित करती है। पलकोहां(छतरपुर) के करीब इसमें सामरी नामक नाला मिलता है। कुछ आगे चल कर नोनपंजी के पास गंगउ बांध का तालाब है। यहां से नदी उतार पर होती है। सो इसका बहाव भी तेज होता है। एक अन्य बांध बरियारपुर पर है। ठीक यहीं पर दौधन का वह जलाशय प्रस्तावित है जिससे बेतवा को पानी जाएगा। इसके बाद छतरपुर जिले की गौरीहार तहसील को छूती हुई यह नदी बांदा (उ.प्र.) जिले में प्रवेश करती है। रास्ते में इसमें बन्ने, कुटनी, कुसियार, लुहारी आदि इसकी सहायक नदियां हैं। बांदा जिले में इसके बाएं तट पर चंद्रावल नदी और दाएं तट पर मिरासन नाला आ जुड़ता है। कोई 30 हजार वर्ग किमी जल-ग्रहण क्षमता वाली इस नदी को 1906 में सबसे पहले गंगऊ में बांधा गया था।



यदि केन-बेतवा जोड़ परियोजना के दस्तावेज को देखें तो इसमें बहुत सुखद सपने हैं लेकिन योजना शुरू होने से होने वाली तबाही भी कम नहीं हैं। झांसी के पास काम आकर रहे राजघाट व माताटीला बांध पर खर्च अरबों रुपये व्यर्थ हो जाएंगे। यहां बन रही बिजली से भी हाथ धोना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि राजघाट परियोजना का काम जापान सरकार से प्राप्त कर्जे से अभी भी चल रहा है, इसके बांध की लागत 330 करोड से अधिक तथा बिजली घर की लागत लगभग 140 करोड़ है । राजघाट से इस समय 953 लाख यूनिट बिजली भी मिल रही है। भारत सरकार स्वीकार कर रही है कि नदियों के जोड़ने पर यह पांच सौ करोड़ बेकार हो जाएगा। इसके साथ ही ललितपुर के दक्षिणी व झांसी जिले के वर्तमान में संचालित बेहतरीन सिंचित खेतों का पानी इस परियोजना के कारण बंद होना तय है।

दोधन बांध के कारण निर्मित डूब क्षेत्र का सबसे बड़ा नुकसान पनया नेशनल पार्क को होना है। अनुमान है कि कोई 46 लाख पेड़ या तो काटे जाएंगे या फिर वे डूब कर नष्ट हो जाएंगे। कहा जा रहा है कि उतनी ही हरियाली लगाई जाएगी, लेकिन समझना होगा कि पन्ना जैसा जंगल बनने में कई सदियां लगती हैं और महज हरियाली जंगल नहीं होता। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय द्वारा केन-बेतवा नदी जोड़ परियोजना पर किए गए रिसर्च में बताया गया है कि इस परियोजना के कारण पन्ना बाघ अभ्यारण पन्ना टाइगर रिजर्व का एक बड़ा हिस्सा पानी में डूब जाएगा, जिससे रिजर्व में स्थित बाघों के आवास क्षेत्र का 58.03 वर्ग किमी (10.07 प्रतिशत) का प्रत्यक्ष अनुमानित नुकसान होगा। इसके अतिरिक्त उनके आवास के विखंडन एवं संपर्क टूटने से मुख्य बाघ क्षेत्र का 105.23 वर्ग किमी हिस्सा अप्रत्यक्ष तौर से प्रभावित होगा। इससे बाघों के साथ-साथ अन्य वन्य जीवों चीतल, सांभर आदि खतरे में हैं। एक बात और सरकारी दस्तावेजों में दर्ज है कि जिन आंकड़ों के आधार पर पन्ना नेशनल पार्क की 968.24 हैक्टेयर जमीन को डूब में शामिल करने की मंजूरी दी गई थीं, असल में वे आंकड़े ही सरकारी नियमानुसार पुराने हैं। यहां जन सुनवाई जैसी बातें महज औपचारिकता रही हैं लेकिन यह बात साफ होती जा रही है कि 45 हजार करोड़ खर्च कर बुंदेलखंड को पानीदार बनाने का जो सपना बेचा जा रहा है, असल में उसमें पानी तो मिलेगा लेकिन इसकी कीमत बहुत कुछ दे कर चुकानी होगी।

नदी के सहज प्रवाह को बांधने से केन के घड़ियालों के पर्यावास पर इसका विपरीत प्रभाव होना तय है। यही नहीं जलवायु परिवर्तन की वैश्विक त्रासदी में नदी जोड़ के बड़े बांध खलनायक की भूमिका निभाएंगे। जंगल कटेंगे, बड़े जलाशय व नहरों के कारण नए दलदली क्षेत्र विकसित होंगे जो मीथेन उत्सर्जन का जरिया होते हैं। जान लें यह पूरी परियोजना का असल दस्तावेज सन 1980 का है। जाहिर है सन 1980 में जलवायु परिवर्तन या ग्रीनहाउस गैसों की कल्पना भी नहीं हुई थी। कहने की जरूरत नहीं है कि इस परियोजन को पूरा होने में एक दशक लगेगा और इस दौरान अनियमित जलवायु, नदियों के अपने रास्ता बदलने की त्रासदियां और गहरी होंगी।

ऐसे में जरूरी है कि वैश्विक मौसमी बदलाव के कुप्रभावों के नजरिए से नदियों को जोड़ने की योजना का मूल्यांकन हो। सबसे बड़ी बात इतने बड़े पर्यावरणीय नुकसान, विस्थापन, पलायन और धन व्यय करने के बाद भी बुंदेलखंड के महज तीन से चार जिलों को मिलेगा क्या? इसका आकलन भी जरूरी है। इससे एक चौथाई से भी कम धन खर्च कर समूचे बुंदेलखंड के पारंपरिक तालाब, बावड़ी कुओं और जोहड़ों की मरम्मत की जा सकती है। सिकुड़ गई छोटी नदियों को उनके मूल स्वरूप में लाने के लिए काम हो सकता है। गौर करें कि अंग्रेजों के बनाए पांच बांध 100 साल में दम तोड़ गए हैं, आजादी के बाद बने तटबंध व स्टाप डेम पांच साल भी नहीं चले, लेकिन समूचे बुंदेलखंड में एक हजार साल पुराने हजारों चंदेलकालीन तालाब, लाख उपेक्षा व रखरखाव के अभाव के बावजूद आज भी लोगों के गले व खेत तर कर रहे हैं। बुंदेलखंड की किस्मत बदलने को छोटी परियोजनाएं कम व्यय में बगैर पुनर्वास या जंगल कटाई के ज्यादा कारगर होंगी, जिनकी योजना भी स्थानीय स्तर पर बने।

# बजट 2025 में नारी शक्ति को चिन्हित कर कार्यबल में भागीदारी की योजनाएं, स्कीम लाना समय की मांग

## भारतीय कौशल नारी सब पर भारी-आओ नारी शक्ति को भारत की सफलता की गाथा बनाएं

**नारी शक्ति को भारत के विकास के प्रमुख इंजन के रूप में चिन्हित करने की योजनाएं बनाना जरूरी - एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**



**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**




**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर भारतीय नारी की गाथा बहुत ही सम्मानजनक रूप से गाई जाती है, क्योंकि आदि अनादि काल से ही भारतीय नारी शक्ति की अनेक मान्यता प्राप्त कहानियों कथाओं से भी हमें पता चलता है कि नारी शक्ति की शक्ति तो देवी-देवताओं को भी करनी पड़ी थी, हम तो इस कलयुग में इंसान मात्र हैं। इसलिए हमें चाहिए कि नारी शक्ति का सम्मान कर उनको कार्यबल प्रदान करें जिसको भारत के विकास में प्रमुख इंजन के रूप में चिन्हित कर एक फरवरी 2025 को आने वाले बजट में ऐसी योजनाओं स्कीमों को लाया जाना चाहिए ताकि नारी शक्ति को कार्य बल में उचित भागीदारी मिले और भारत के तेजी से विकसित हो रहे पथ को अधिक तेजी से आगे बढ़ाया जा सके। साथियों बात अगर हाल ही में आई एक रिपोर्ट की करें तो सरकार ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। द नज इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस लक्ष्य को हासिल करने और भारतीय अर्थव्यवस्था में 14 लाख करोड़ रुपये का योगदान देने के लिए श्रमबल में 40 करोड़ अतिरिक्त महिलाएं जोड़नी होंगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2047 तक वर्तमान महिला श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) 37 प्रतिशत को लगभग दोगुना बढ़ाकर 70 प्रतिशत करने की जरूरत होगी। पिछले कुछ वर्षों के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) पर आधारित इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने 2047 तक 30 लाख करोड़ रुपये की इकोनॉमी बनने का लक्ष्य रखा है।

साथियों बात अगर हम नारी शक्ति को कार्यबल के रूप में चिन्हित करने की करें तो, हमने कई क्षेत्रों में देखे हैं कि नारी कार्यबल अपेक्षाकृत रूप से अधिक सशक्त व प्रभावी रिजल्ट देता है। हम अगर नर नारी के कार्यबल की गुणवत्ता का विश्लेषण करें तो, मेरा मानना है कि नारी बल गुणवत्ता में अधिक कुशल दिखेगा। जिसका मैंने खुद ने ग्राउंड रिपोटिंग कर सत्यता परखी है। मैंने अनेक शोरूम ऑफिसेस दवाखाना वकील सीए अनेक प्रोफेशनल जगह कंपनियों में वहां के प्रमुख संचालकों, मैनेजरों अधिकृत व्यवस्थापकों से बात की तो उन्होंने भी नारी कार्यबल को अपेक्षाकृत अधिक सशक्त इमानदार रेगुलर जिम्मेदार जवाबदेही में अवल बताया और नारी कार्यबल को प्राथमिकता देने की बात स्वीकार की, क्योंकि नकारात्मक आदतें नारी कार्यबल में नहीं देखने को मिलती जितनी नर कार्यबल में देखने को मिलती है। उसी तरह नेतृत्व शक्ति में भी नारी कार्यबल अधिक उच्च गुणवत्ता में अग्रणी ही है इसका उदाहरण हमें वैश्विक स्तरपर मूल भारतीय महिलाओं कल्पना चावला कमला हैरिस सहित अनेकों का नाम लिया जा सकता है। साथियों बात अगर हम 1 फरवरी 2025 को आने वाले बजट में नारी शक्ति कार्यबल के एंगल से देखें तो आज इसकी कार्य शक्ति बढ़ाने के लिए अधिक बजट एलोकेशन की आवश्यकता है। कुछ ऐसी योजनाएं, इंसेंटिव, छूट दी जानी चाहिए ताकि नारी कार्यबल को प्राथमिकता दिए जाने पर प्रोत्साहन मिले। वैसे भी हम अभी अनेकों निजी कंपनियों में देखते हैं कि वहां नारी कार्यबल को प्राथमिकता दी जाती है जो वर्तमान समय की जरूरत भी है अब वक्त आ गया है कि नारी शक्ति के कार्य बल को बढ़ाने आरक्षण का बंधन भी तोड़ने की जरूरत है और उच्च कौशल्या के आधार पर नारी कार्यबल की सेवा राजनीतिक, औद्योगिक शैक्षणिक सहित हर क्षेत्र में ली जानी चाहिए। भारतीय कौशल नारी सबपर भारी की थींम को आगे बढ़ाया जाए। साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा अनेक स्थानों पर अनेक संबोधनों में उन्होंने भी,नारी शक्ति को भारत के विकास के प्रमुख इंजन के रूप में चिन्हित किया और कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी को और सक्षम बनाने के साथ-साथ उसे बढ़ावा देने के लिए प्रयास जारी रखने का आग्रह किया, एक मीटिंग में विचार-विमर्श वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच भारत का विकास और दृढ़ता विषय पर आधारित था। अपनी टिप्पणी में कहा कि, जहां जोखिम थे, वहीं उभरता हुआ वैश्विक वातावरण डिजिटलीकरण, ऊर्जा, स्वास्थ्य देखभाल और कृषि जैसे क्षेत्रों में नए और विविध अवसर प्रदान करता है। इन अवसरों का लाभ उठाने के लिए, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र को तालमेल का लाभ उठाने और लीक से हटकर सोचने की जरूरत है। उन्होंने भारत डिजिटल की सफलता की गाथा और देश भर में फिनटेक को तेजी से अपनाने, और समावेशी विकास और इसके दृढ़ संकल्प की क्षमता की सराहना की। बैठक में प्रतिभागियों ने उन तरीकों पर व्यावहारिक उपायों की पेशकश की, जिनसे भारत अपने विकास की गति को विवेकपूर्ण ढंग से बनाए रख सकता है। कृषि से लेकर विनिर्माण तक विविध विषयों पर प्रधानमंत्री के साथ विचार और सुझाव साझा किए गए। यह स्वीकार करते हुए कि अंतर्निहित वैश्विक प्रतिकूलताएं जारी रहने की संभावना है, भारत की दृढ़ता को और मजबूत करने के लिए रणनीतिक सिफारिशें भी साझा की गईं। इस बात पर सहमति कायम हुई कि अपने लचीलेपन के कारण, भारत अशांत वैश्विक मंच पर एक उज्ज्वल स्थान बनाकर उभरा है। यह सुझाव दिया गया था कि सभी क्षेत्रों में समग्र विकास के माध्यम से इस नींव पर नए सिरे से विकास पर जोर देने की आवश्यकता होगी। हर नारी अपनी प्रतिभा के साथ न्याय कर पाये , अपने अरमानो को पंख लगाने का जज्बा रखे और उन्हें पूरा करने का होंसला रखे । किसी से कोई खैरात नहीं, कोई पक्षपात नहीं,अपने बलबूते पर मंजिल हांसिल करने माद्दा रखे। साथियों बात अगर हम बड़ी संख्या में अभी भी महिलाओं की वर्तमान स्थिति की करें तो, वर्तमान युग में महिलाओं को मात्र भोग विलास की वस्तु बना कर रख दिया गया है। जिसका मूल काम घर में रहकर चूल्हा चौका करना तथा परिवार की देखभाल करना रह गया है। आज के समय जहां विज्ञान ने इतनी तरक्की कर ली है वहीं दूसरी तरफ महिलाओं का कुछ ऐसा वर्ग भी है जिन्हें उनके मूल अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। इस कुप्रथा को दूर करने के लिए हर किसी को अपनी मानसिकता बदलने की आवश्यकता है। जब तक हम अपनी मानसिकता को नहीं बदलकर स्त्रियों को साथ नहीं लेंगे तब तक राष्ट्र का सर्वांगीण विकास मुमकिन नहीं हो पाएगा।भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था क्योंकि उसके विकास में पुरुष तथा स्त्रियों का समान प्रयास हुआ करता था। लेकिन जैसे-जैसे स्त्रियों के विकास का अनुपात कम होता गया वैसे वैसे भारत का गौरव भी धूमिल पड़ता गया।भारतीय महिलाओं का इतिहास में योगदान अप्रतिम रहा है। सिर्फ स्वाधीनता संग्राम के समय को देखा जाए तो भारतीय महिलाओं का योगदान अगणनीय ही प्राप्त होगा। स्वाधीनता संग्राम के दौरान महारानी लक्ष्मीबाई, विजयालक्ष्मी पंडित, अरुणा आसफ अली, सरोजिनी नायडू, कमला नेहरु, सुचेता कृपलानी, मणीबेन पटेल अमृत कौर जैसी स्त्रियों ने आगे आकर अपना अप्रतिम योगदान दिया।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि बजट 2025 में नारी शक्ति को चिन्हित कर कार्यबल में भागीदारी की योजनाएं,स्कीम लाना समय की मांग। भारतीय कौशल नारी सब पर भारी-आओ नारी शक्ति को भारत की सफलता की गाथा बनाएं।नारी शक्ति को भारत के विकास के प्रमुख इंजन के रूप में चिन्हित करने की योजनाएं बनाना जरूरी है।

**-संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यम सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**

तीखी नजर

# सुर रे गले पड़े सुर्ख गुलाल नए साल



अशोक गौतम

जाते साल की रात जी भर जिम्हाई लेते सुबह आंख मलते मलते उठा कि दरवाजे पर सजी धजी घोड़ी पर दूल्हे की तरह सजे सिर पर सेहरा बांधे सुर्ख गुलाल कोई गड़ा हुआ। न उसके आगे बाराती न उसके पीछे बाराती। देख विस्मय भी हुआ। यार! ये किसकी बारात है, कैसी बारात है? जानता हूं, सोचने से आजतक मिला कुछ नहीं। फिर भी पता नहीं बेकार में समय, स्थिती मिलते क्यों सोच लेता हूं? आखिर बेकार का सोचना बंद कर मैंने उससे पूछा, रे घोड़ी पर बैठे बंधु तुम कौन? गलत जगह तो नहीं आ गए सुबह सुबहरात का जश्न मनाते मनाते?

नहीं, बिल्कुल सही जगह पर आया हूं, मेरा स्वागत कीजिए, उसने अपने चेहरे पर से सेहरा हटा दोनों हाथ जोड़ते कहा तो बेशर्म पर सिंपल गुस्सा नहीं, बहुत गुस्सा आया। आज के बदतमीजियों के दौर में जबरदस्ती भी किसी से अपना स्वागत करवाया जा सकता होगा क्या? आज के बदतमीजियों के दौर में जबरदस्ती भी किसी का स्वागत कोई कर सकता होगा क्या? ऐसे दौर में जबकि आज किसीके पास अपना स्वागत करने तक का वक्त नहीं।

वाह! क्या दिन आ गए? अब अपना स्वागत करवाने को भी किसीको किसीके आगे हाथ जोड़ कर निवेदन करना पड़ रहा है। अपना स्वागत करवाने को अभी और कितने गिरेंगे हम लोग? गए वे दिन जब किसीके स्वागत में हाथ अपने आप ही जुड़ जाया करते थे। पता नहीं हममें अब संस्कार नहीं रहे या स्वागत करवाने वाले में स्वागत योग्य कुछ हमें दिखता नहीं?

पर किसका? बिन बारात के दूल्हे का?

नहीं! नए साल का!

नया साल! घोड़ी पर?

क्या करें पब्लिकजी! डीजल पेट्रोल प्रदूषण फैलाते हैं न! बस, इसलिए, घोड़ी से जनाब उतर गले पड़ने लगे तो मैंने रोकते कहा, नो नो यार! हर साल नोट करता हूं, कोई और आए या न, पर तुम हर साल आते ही हो। और फिर आते ही नई सरकार की तरह जनता को एक से एक सब्जबाग दिखाते हो। फिर सरकार की तरह अपना कार्यकाल पूरा कर जाते जाते गई सरकार की तरह नई सरकार को हमारे गले बांध जाते हो। तुम्हारे जाते जाते फिर जनता की व्यथाएं वही, जनता की कथाएं वहीं। वही नकली दवाइयों से भरा बाजार। वहीं लीक होते पेपर मेधावियों के सीने पर दलते मूंग। वही जनता के पूरे हिस्से में से आधी से भी आधी से भी रोटी आधी। वही मेरे जैसे आयुष्मान कार्ड हाथ में लिए स्वस्थ होने को अस्पतालों की लाइनों में खांसते-खांसते खड़े रोगी। वही सत्ता पाने को कुछ भी गारंटियां देने वाले सत्ता भोगी। वही सड़कों के सीने पर फैलते गड्ढे। वहीं जनता से वोट उगाही करते भाई। सच कहूं! अब मेरा मन तुम्हारे आने पर कतई प्रसन्न नहीं होता, मैंने उससे मन की बात कह दी तो कह दी। वह बुरा माने तो मान जाए। कम से कम सुबह सुबह मुझसे झूठ नहीं बोला जाता। झूठ बोलने के लिए मेरे जैसे आदमी के पास सारा दिन पड़ा होता है।

भारत ने सिडनी के मैदान पर 13 में से सिर्फ एक टेस्ट मैच जीता

# भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच आखिरी टेस्ट 3 से



एजेंसी ■ नई दिल्ली

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जा रही लंबी टेस्ट सीरीज अब अपने आखिरी पड़ाव पर है। अब तक चार मैच हो चुके हैं और पांचवां मुकाबला बाकी है। ऑस्ट्रेलियाई टीम अब सीरीज में लीड ले चुकी है, इसलिए भारत के लिए ये मैच काफी अहम होगा, वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम पिछले मैच की जीत के बाद भी अभी तक विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में अपनी जगह पक्की नहीं कर पाई है, इसलिए उसके लिए भी जीत जरूरी होगी।

सीरीज का पांचवां और आखिरी मुकाबला सिडनी में खेला जाएगा। ये मैच भारत में सुबह पांच बजे से शुरू होगा। यानी पहले दिन इससे आधे घंटे पहले यानी सुबह साढ़े चार बजे टॉस होगा। बाकी दिनों में सुबह पांच बजे सीधा मुकाबला खेला जाएगा। लेकिन ध्यान रखिएगा, अगर किसी दिन बारिश के कारण या फिर किसी और वजह से मैच कम ओवर का हो पाया तो उसकी भरपाई के लिए सुबह जल्दी भी मैच शुरू हो सकता है।

**सिडनी की जीत भारत के लिए जरूरी-** सिडनी में जीत भारतीय टीम के लिए सीरीज बराबर करने अलावा वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में एंट्री करने का रास्ता खोलेगी। इसके बाद फाइनल में पहुंचने के लिए भारत को श्रीलंका के ऊपर निर्भर रहना होगा और ये दुआ करनी होगी कि श्रीलंकाई टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज में एक जीत ले और एक ड्रॉ करवा ले।



### रोहित शर्मा के सामने कठिन चुनौती

टीम इंडिया ने सीरीज का पहला ही मैच जसप्रीत बुमराह की कप्तानी में जीता था, इसलिए बाद जब से रोहित शर्मा ने वापास कमान संभाली है, टीम एक भी मैच जीतने में कामयाब नहीं हो पाई है। अब रोहित शर्मा के सामने चुनौती होगी कि अगले साल यानी 2025 का आगाज बेहतर तरीके से करें। उनके सामने अपने फार्म को सुधारने और टीम इंडिया को जीत दिलाने की दोहरी चुनौती होगी। रोहित को लेकर लगातार आलोचनाएं हो रही हैं। ऐसे में उन्हें खुद को साबित करने के लिए एक बड़ी और मैच ? विनिंग पारी खेलनी होगी।

### सिडनी में भारत ने खेले हैं 13 टेस्ट मैच

सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में भारतीय टीम ने अभी तक कुल 13 टेस्ट मुकाबले खेले हैं, जिसमें से सिर्फ एक में जीत हासिल की है और पांच मुकाबले हारे हैं। वहीं दोनों टीमों के बीच 7 टेस्ट मैच ड्रॉ रहे हैं। जबकि भारत ने साल 2019 और साल 2021 में सिडनी में खेले गए टेस्ट मैचों को ड्रॉ करवाया था।

### स्पिनर्स ने किया था कमाल

सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में भारतीय टीम ने जो एकमात्र टेस्ट मैच जीता था। वह साल 1978 में बिशन सिंह बेदी की कप्तानी में जीता था। तब भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को पारी और दो रन से शिकस्त दी थी। इस मैच में भारतीय स्पिन तिकड़ी (बिशन सिंह बेदी, भागवत चंद्रशेखर और इरापल्ली प्रसन्ना) ने कमाल का प्रदर्शन किया। इन तीनों ही स्पिनर्स के आगे धाकड़ ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज टिक नहीं पाए थे और तीनों ने मिलकर कुल 16 विकेट चटकाए थे।

## मयंक ने 3 मैचों में लगातार शतक बनाकर मचाई सनसनी

एजेंसी ■ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम इस समय ऑस्ट्रेलिया में है और संघर्ष कर रही है। मेलबर्न टेस्ट में हारकर टीम इंडिया 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-2 से पिछड़ रही है। वहीं इस समय भारत में 50 ओवर घरेलू टूर्नामेंट विजय हजारे ट्रॉफी खेली जा रही है जिसमें टीम इंडिया से बाहर चल रहे बल्लेबाज ने एक-दो नहीं बल्कि बैक टू बैक 3 शतक जड़ते हुए कहर बरपा दिया है।



कर्नाटक के कप्तान मयंक अग्रवाल जिन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में लगातार तीसरा शतक ठोकने का बड़ा कारनामा किया। मयंक ने पहले मैच में पंजाब के खिलाफ 127 गेंदों पर 139 रनों की पारी खेली थी। इसके बाद अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ अपना दूसरा मैच खेलते हुए नाबाद 100 रन ठोक डाले और अब तीसरे मुकाबले में हैदराबाद के खिलाफ महज 112 गेंदों पर शानदार 124 रनों की पारी खेलने का कमाल कर दिया है।

----- खो खो विश्वकप का कार्यक्रम जारी -----

## भारत-नेपाल के बीच मुकाबले से होगी टूर्नामेंट की शुरुआत



एजेंसी ■ नई दिल्ली

खो खो विश्वकप आयोजन समिति के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने मंगलवार कहा कि आगामी 13 जनवरी से भारत और नेपाल के बीच मुकाबले से इस टूर्नामेंट की शुरुआत होगी।

श्री मित्तल ने आज यहां खो खो विश्वकप का कार्यक्रम जारी करते हुए कहा कि पहला मुकाबला भारत और नेपाल के बीच 13 जनवरी को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में शाम सात बजे होगा। विश्वकप के लिए पुरुष और महिला टीमों को चार-चार वर्गों में बांटा किया गया। पुरुष वर्ग के ग्रुप ए में भारत, नेपाल, पेरू, ब्राजील और भूटान है। ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, घाना, अर्जेंटीना, नीदरलैंड और ईरान है। ग्रुप सी में बंगलादेश, श्रीलंका, दक्षिण कोरिया, अमेरिका और पोलैंड है जबकि ग्रुप डी में इंग्लैंड, जर्मनी, मलेशिया, ऑस्ट्रेलिया और केन्या को रखा गया है। वहीं महिला वर्ग के ग्रुप ए में भारत, ईरान, मलेशिया और दक्षिण कोरिया हैं। ग्रुप बी में इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, केन्या, यूगांडा और नीदरलैंड और ग्रुप सी में नेपाल, भूटान, श्रीलंका, जर्मनी और बंगलादेश तथा ग्रुप डी में दक्षिण अफ्रीका , न्यूजीलैंड,पोलैंड,पेरू और इंडोनेशिया को रखा गया है। उन्होंने बताया कि विश्वकप में महिला और पुरुष वर्ग में 20 देशों के बीच कुल 90 मुकाबले होंगे। पुरुष और महिला वर्ग में क्वार्टरफाइनल 17 जनवरी को 16 टीमों के बीच होगा। पुरुष और महिला वर्ग के सेमीफाइनल 18 जनवरी को खेले जाएंगे। पुरुष और महिला वर्ग के फाइनल 19 जनवरी को होगा।

उन्होंने बताया कि लीग मैचों में ग्रुप ए में भारत और नेपाल के पुरुष वर्ग का मैच 13 जनवरी शाम सात बजे होगा। 14 जनवरी को विभिन्न ग्रुपों में होने वाले मुकाबले इस प्रकार है- ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका और घाना की पुरुष टीमें भिड़ेंगी। इसी दिन ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के महिला टीम के बीच मैच सुबह खेला जायेगा। ग्रुप ए में पेरू और भूटान के पुरुष वर्ग का मैच होगा। ग्रुप डी में पोलैंड और इंडोनेशिया के महिला वर्ग का मैच होगा। ग्रुप डी में मलेशिया और केन्या के पुरुष वर्ग में, ग्रुप डी दक्षिण अफ्रीका और पेरू की महिला टीम के बीच मैच होगा। ग्रुप ए में भारत और दक्षिण कोरिया की महिला टीम भिड़ेंगी। ग्रुप ए में भारत और ब्राजील की पुरुष टीम के बीच मैच होगा।

## शतरंज : वैशाली ने क्वालीफायर मैच जीता

एजेंसी ■ नई दिल्ली

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने वर्ल्ड ब्लिट्ज चेस चैम्पियनशिप में महिला क्वालीफायर जीतकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। गोल्ड पदक और 60000 डॉलर पुरस्कार जीतने वाली कोनेरू हम्पी के शानदार प्रदर्शन के बाद वैशाली ने अपने खेल से प्रशंसकों का दिल जीता। उन्होंने महिला वर्ग में 11 में से 9.5 अंक लेकर बाजी मारी ।

रूस की कैटरीना लागनो उनके करीब पहुंची जिनके 8.5 अंक रहे जबकि बाकी छह क्वालीफायर के आठ अंक रहे। हम्पी टाइब्रेकर के कारण नौवें स्थान पर रहकर बाहर हो गई। ओपन वर्ग में दस खिलाड़ी पहले स्थान के लिये बराबरी पर थे जिसमें दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन भी शामिल हैं। कार्लसन ने 13 में से छह मुकाबले ड्रॉ खेले और क्वालीफायर के बाद संयुक्त रूप से शीर्ष पर रहे। रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि ने 9.5 अंक के साथ क्वालीफायर जीता।



वर्ल्ड ब्लिट्ज चेस चैम्पियनशिप क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

### कार्लसन तीसरे पायदान पर रहे

अमेरिका के फेबियानो कारूआना दूसरे और कार्लसन तीसरे स्थान पर रहे। भारत का कोई खिलाड़ी शीर्ष आठ में नहीं पहुंच सका। अर्जुन एरिगेसी ने पहले पांच दौर में जीत दर्ज की लेकिन लय को कायम नहीं रख सके और उनके सात ही अंक रहे। आर प्रज्ञानानंदा 8.5 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहे। क्वार्टर फाइनल में वैशाली का सामना चीन की झू जिनेर से होगा। वैशाली ने जॉर्जिया की ग्रैंडमास्टर नाना जागनिजे और रूस की वालेंटिना गुनिना को हराया।



## सबालेंका ने जराजुआ को हराकर की सत्र की शुरुआत

एजेंसी ■ ब्रिस्बेन

विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में रेनाटा जराजुआ को हराकर अपने सत्र की शुरुआत की।

बेलारुस की सबालेंका ने 63 मिनट तक चले मुकाबले में मेक्सिको की जराजुआ को 6-4, 6-0 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। तीसरे दौर में सबालेंका का मुकाबला कजाकिस्तान की यूलिया पुतिनत्सेवा से होगा। मैच के जीतने के बाद सबालेंका ने कहा कि मैं दबाव में रहने के उस चरण से आगे निकल चुकी हूं। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा खिताबों और जीत के लिए भूखी रहती हूं जीतना लत लगाने जैसा है। मैं केवल अपने पर ध्यान केंद्रित करना पसंद करती हूं।



## उत्तर प्रदेश ने चंड़ीगढ़ को चार विकेट से हराया

**विजयनगरम।** शिवम मावी (चार विकेट ) और रिंकू सिंह (दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद सलामी बल्लेबाज आर्यन जुयाल (116) की शतकीय और अभिषेक गोस्वामी (50) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत उत्तर प्रदेश ने मंगलवार को विजय हजारे ट्रॉफी में ग्रुप डी के मुकाबले में चंड़ीगढ़ को चार विकेट से हरा दिया। चंड़ीगढ़ को 271 रनों के जवाब में बल्लूलेबाजी करने उतरी उत्तर प्रदेश की आर्यन जुयाल और अभिषेक गोस्वामी की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 108रन जोड़े। 22वें ओवर में निशंकु बिरला ने अभिषेक गोस्वामी (50) को आउटकर चंड़ीगढ़ को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद अभिषेक सैनी ने करण शर्मा और समीर रिजवी को एक ही ओवर पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया।

## महाराष्ट्र ने जीता 15वां इनडोर नेशनल तीरंदाजी चैंपियनशिप का खिताब

उत्तर प्रदेश ने दूसरा स्थान हासिल किया और पांडिचेरी की टीम तीसरे स्थान पर रही

### चैंपियनशिप के समापन में पहुंचे एमएलसी अंगद कुमार सिंह ने विजेताओं को किया पुरस्कृत

■ लखनऊ

सेठ एमआर जयपुरिया गोयल कैंपस में चल रही 15वीं नेशनल इनडोर तीरंदाजी चैंपियनशिप का सोमवार को समापन हो गया। मुख्य अतिथि एमएलसी अंगद कुमार सिंह ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। विशिष्ट अतिथि जयपुरिया स्कूल चेन के निदेशक कनक और गोयल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के चेयरमैन महेश गोयल रहे। प्रतियोगिता में 22 राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने रविवार को शुभारंभ किया था। फील्ड आर्चरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया के महासचिव सुभाष नायर, संयुक्त सचिव ऋतिका नायर, इनडोर फील्ड आर्चरी एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष रामबाबू द्विवेदी और महासचिव निधि जैन ने प्रतियोगियों और सहयोगियों का स्वागत किया।

इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में टीम महाराष्ट्र ने ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। उत्तर प्रदेश ने दूसरा स्थान हासिल किया और पांडिचेरी तीसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता के तहत 1,36,000 रु. के नकद पुरस्कार वितरित किए गए। नौ-स्पॉट इवेंट के लिए अलग नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। टीम महाराष्ट्र को 1,00,000 रु. की नकद राशि प्रथम पुरस्कार के रूप में दी गई। इस प्रतियोगिता का आयोजन इनडोर फील्ड आर्चरी एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश और सेठ एम.आर. जयपुरिया गोयल कैंपस ने किया। इस दौरान दिव्यांश जैन, वजीहुद्दीन अंसारी, ऋषभ विवेक, सुशांत यादव, अंश, विपिन, अंशिका, सौरभ, अजय, ईश समेत जयपुरिया स्कूल के कई सदस्य अपनी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में उपस्थित रहे। अतिथि कनक और विशेष अतिथि महेश गोयल ने कहा कि तीरंदाजी जैसे खेल युवा पीढ़ी में अनुशासन और समर्पण का विकास करते हैं।




**उत्तरप्रदेश के खिलाड़ियों की उपलब्धियां-** यू-7 कैटेगरी- अदित्री (गोल्ड), धृति (सिल्वर), यू-10 कैटेगरी- अलंकृता (गोल्ड), अमितोष (ब्रॉन्ज), सस्मित शेखर (सिल्वर), यू-14 कैटेगरी- ईश कुमार (मिक्स स्पॉट ब्रॉन्ज), मनन (इंडियन बो ब्रॉन्ज), अन्या तोमर (गर्ल्स कंपाउंड बो ब्रॉन्ज), यू-17 कैटेगरी- रायन (2 गोल्ड), रौनक (बैंबू ब्रॉन्ज), कुणाल चौधरी (बैंबू सिल्वर), शौर्य (बैंबू ब्रॉन्ज), आर्चित निगम (बैंबू और वुडन ब्रॉन्ज)

यू-19 कैटेगरी- व्यक्तिगत गोल्ड- दिव्यांश जैन, इंडियन बो सिल्वर- अंश, व्यक्तिगत सिंगल स्पॉट गोल्ड- अजय, टीम इवेंट सिल्वर- नंदिनी पांडे, स्वप्निल सिंह, यश चौहान, व्यक्तिगत मिक्स स्पॉट सिल्वर- ऋषभ कुमार, टीम इवेंट गोल्ड-ऋषभ कुमार, विवेक कश्यप, रायन, मिक्स स्पॉट ब्रॉन्ज-आद्या सिंह, सिंगल स्पॉट सिल्वर- जाह्नवी रावत, अंशिका सिन्हा (गर्ल्स कंपाउंड बो सिल्वर)

## अंतरविद्यालयीन क्रिकेट टूर्नामेंट में सरस्वती विद्या मंदिर का ट्रॉफी पर कब्जा



■ सुलतानपुर

### सरस्वती विद्या मंदिर और सेंट जेवियर की टीमों के बीच खेला गया फाइनल मुकाबला

युवाओं में खेल भावना और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रोटरी क्लब ने अंतर विद्यालय क्रिकेट टूर्नामेंट किया। केएनआईटी ग्राउंड पर स्पर्धा-2 अंतर विद्यालय बीच हुई इस क्रिकेट टूर्नामेंट में फाइनल मुकाबला सरस्वती विद्या मंदिर और सेंट जेवियर की टीमों के बीच खेला गया। 15 ओवर के फाइनल मैच में सरस्वती विद्या मंदिर ने रोमांचक प्रदर्शन करते हुए 14.1 ओवरों में 10 विकेट खो कर 107 रन बनाकर 8 रनों से स्पर्धा चैंपियन ट्रॉफी पर कब्जा किया। दूसरी ओर सेंट जेवियर की टीम 14.4 ओवरों में 10 विकेट खो कर 99 रन ही बना सकी और उपविजेता रही।विजेता टीम सरस्वती विद्या मंदिर को ट्रॉफी एवं इक्कीस हजार रुपए का नकद पुरस्कार एवं उपविजेता टीम सेंट जेवियर को ट्रॉफी और इग्यारह हजार रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।सेमीफाइनल की बात करें तो एक दिन पूर्व हुए मैच में केएनआईसी लालडिग्गी ने 10 ओवरों में 8 विकेट खोकर विपक्षी टीम को 44 रनों का लक्ष्य दिया, वहीं सेंट जेवियरस ने 6.5 ओवरों में 2 विकेट खो कर 45 रन बनाकर लक्ष्य आसानी से पा लिया। इस प्रकार सेंट जेवियरस ने केएनआईसी लालडिग्गी को 8 विकेट से हरा कर फाइनल में स्थान प्राप्त किया। सेमी फाइनल 1 में मैन ऑफ़ द मैच का पुरुस्कार सेंट जेवियर्स के मास्टर आर्यन सिंह को प्रदान किया गया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)

CMYK